वर्ष-12 अंक-04 — प्रयागराज, रविवार 28 जनवरी 2024 से शनिवार 05 फरवरी 2024 तक — पृष्ठ- 8 मूल्य: 3 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक

आधुनिक समाचार नेटर्वक

Download From

Adhunik Samachar

## ब्रीफ न्यूज

### कर्नाटक कांग्रेस में भी कलह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**शिवमोग्गा।** कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शमनूर शिवशंकरप्पा ने शिवमोग्गा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की जनता से पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बेटे और भाजपा सांसद बीवाई राघवेंद्र को फिर से चुनने का आग्रह किया। कांग्रेस विधायक शिवशंकरप्पा ने शिवमोग्गा के बेक्किना कलमाता में आयोजित गुरु बसवश्री पुरस्कार प्रधान और आध्यात्मिकता सम्मेलन में लोगों से पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के बेटे और भाजपा सांसद बीवाई राघवेंद्र को फिर से चुनने के लिए कहा। कर्नाटक राज्य में कांग्रेस के लिए हाल ही में दूसरा झटका है। इससे पहले गुरुवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार भाजपा में वापस लौट आए हैं। विधायक शिवशंकरप्पा ने शिवमोग्गा के बेक्किना कलमाता में आयोजित गुरु बसवश्री पुरस्कार प्रधान और आध्यात्मिकता सम्मेलन में लोगों से राघवेंद्र को फिर से चुनने के लिए कहा। यहां उन्हें गुरु बसवश्री पुरस्कार भी मिला। एक सम्मेलन में शिवशंकरप्पा ने कहा, ठमैंने देखा कि शिवमोग्गा जिले में विकास कार्य हो रहे हैं। आपने एक अच्छा सांसद चुना है। जनता को उन्हें आगे भी चुनना चाहिए। शिमोगा जिले को और अधिक विकसित करने की जरूरत है। आप धन्य हैं कि आपके पास बीवाई राघवेंद्र जैसे लोकसभा सदस्य हैं। जिले में किए गए कार्य पूरे हो चुके हैं और प्रगति हुई है। लोगों के लिए विकास कार्य पहली प्राथमिकता होनी चाहिए!

### राष्ट्रपति भवन में मैक्रों को परोसा गया सरसों का साग और केसर बादाम शोरबा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओएम बिड़ला, केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू और धर्मेंद्र प्रधान भी राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में शामिल हुए। समारोह में राष्ट्रपति मुर्मु ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों से फ्रांसीसी राष्ट्रपति का परिचय कराया। समारोह में राष्ट्रपति ने विदेशी गणमान्य व्यक्तियों से भी बातचीत की। राष्ट्रपति मैक्रों का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि दोनों देशों के नेताओं का एक-दूसरे के राष्ट्रीय दिवस परेड और समारोहों में अतिथि बनना एक ऐतिहासिक क्षण है और यह हमारी दोस्ती की गहराई और हमारी साझेदारी की ताकत का प्रतीक है। मुर्मु ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि दोनों पक्षों ने भारत के अमृत काल के लिए हमारी साझेदारी की एक महत्वाकांक्षी दृष्टि को रेखांकित किया है। राष्ट्रपति ने विश्वास जताया कि हमारी मित्रता की सहजता और हमारे साझेदारी की ताकत, हमारे भविष्य की यात्रा को उज्ज्वल करेगी। राष्ट्रपति भवन में आयोजित रात्रिभोज में पारंपरिक भारतीय व्यंजनों को परोसा गया।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल के राज्यपाल की बढ़ाई सुरक्षा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**तिरुवनंतपुरम।** राजभवन ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान कोैं सुरक्षा कवर बढ़ा दिया है। दरअसल, कोल्लम में हुए प्रदर्शन के बाद इस कदम को उठाने का फैसला लिया गया है। राज्यपाल के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कर्मियों कोैं सुरक्षा कवर खान और राजभवन तक बढ़ा दिया गया है पोस्ट में कहा गया,केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल राजभवन को सूचित किया है कि सुरक्षा कवर माननीय राज्यपाल और केरल राजभवन तक बढ़ाया जा रहा दरअसल आज केरल के कोल्लम जिले में एसएफआई के काले झंडे के विरोध का सामना कर रहे खान अपनी कार से उतरे आंदोलनकारी वामपंथी छात्र विंग के सदस्यों से भिड़ गए और सड़क के किनारे बैठ कर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर हमला बोला।



राजभवन ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को सुरक्षा कवर बढ़ा दिया है। दरअसल, आज केरल के कोल्लम जिले में हुए प्रदर्शन के बाद यह फैसला हुआ है। यहां पर एसएफआई के काले झंडे के विरोध का सामना कर रहे खान अपनी कार से उतरे, आंदोलनकारी वामपंथी छात्र विंग के सदस्यों से भिड़ गए और सड़क के किनारे बैठ कर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर हमला बोला गुस्से में दिख रहे खान ने सीएम विजयन पर राज्य में अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। दो घंटे से अधिक समय तक वहां बैठने के बाद, खान वहां से तभी निकले, जब पुलिस ने उन्हें कानून के गैर-जमानती प्रावधानों के तहत 17 एसएफआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर की एक प्रति दिखाई। सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) की छात्र शाखा स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के कई कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के खिलाफ काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया, जब वह एक समारोह के लिए पास के कोट्टाराक्कारा जा रहे थे। मालूम हो कि खान और वामपंथी सरकार कई मुद्दों पर आमने-सामने हैं। इसमें मुख्य रूप से राज्य में विश्वविद्यालयों के कामकाज और विधानसभा द्वारा पारित कुछ विधेयकों पर उनके हस्ताक्षर न करने को लेकर भी भड़ास है।

## संगीतकार इलैयाराजा की बेटी का हुआ अंतिम संस्कार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**तमिलनाडु।** महान संगीतकार इलैयाराजा की बेटी भवतारिणी का पार्थिव शरीर उनके आवास पहुंच गया है। भवतारिणी के पार्थिव शरीर को शनिवार सुबह थेनी जिले के गुडलूर स्थित उनके आवास पर लाया गया। उनका अंतिम संस्कार आज होगा। महान संगीतकार इलैयाराजा की बेटी भवतारिणी का पार्थिव शरीर उनके आवास पहुंच गया है। भवतारिणी के पार्थिव शरीर को शनिवार सुबह थेनी जिले के गुडलूर स्थित उनके आवास पर लाया गया। उनका अंतिम संस्कार आज होगा। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक संगीतकार इलैयाराजा की बेटी भवतारिणी की 25 जनवरी को कैंसर से मृत्यु हो गई थी। श्रीलंका में उनका कैंसर का इलाज चल रहा था। भवतारिणी एक गायिका थीं, उन्होंने कई फिल्मों के लिए गाने भी गाए थे। श्रीलंका में उनका कैंसर का इलाज चल रहा था। हालांकि, उनका 47 वर्ष की आयु में निधन हो गया। भवतारिणी के निधन पर अभिनेता कमल हासन ने अपनी संवेदना व्यक्त की। बता दें कि शुक्रवार को भवतारिणी का पार्थिव शरीर श्रीलंका से चेन्नई स्थित इलैयाराजा के घर लाया गया था। भवतारिणी को फिल्म भारती के गीत 'मायिल पोला पॉन्नू ओन्नू' के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला गायिका का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था। भवतारिणी के परिवार में उनके पति, पिता इलैयाराजा और भाई कार्तिक राजा और युवान शंकर राजा हैं।



## हैदराबाद की उस्मानिया यूनिवर्सिटी में गुस्साई छात्राओं का विरोध प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हैदराबाद।** हैदारबाद के उस्मानिया विश्वविद्यालय के पोस्ट ग्रेजुएट गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं ने शनिवार को जमकर हंगामा किया। दरअसल, ये छात्राएं अपने परिसर में हुए सुरक्षा उल्लंघन को लेकर गुस्साई हुई है। की एक वीडियो के अनुसार, छात्रों को अपने छात्रावास के सामने बैठकर 'हमें न्याय चाहिए' के नारे लगाते देखा गया। छात्रों का कहना है कि वह केवल वीसी को परिसर में आने की मांग कर रहे है। इसी बीच एक पुलिस कर्मी ने कहा कि हॉस्टलवासियों को समय रहते सभी सुरक्षा सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), उत्तरी क्षेत्र, रोहिणी प्रियदर्शिनी ने कहा कि मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि जो भी सुविधाएं, जो भी काम करने की जरूरत है वह समय के भीतर किया जाए। वे जो



भी समय कहेंगे मैं उसे पूरा कर दूंगी।डीसीपी ने शनिवार को एएनआई से बात करते हुए कहा 'उस्मानिया विश्वविद्यालय कैंपस पीजी गर्ल्स हॉस्टल में एक अज्ञात व्यक्ति दीवार फांदकर अंदर घुस आया था। हमें 1:40 बजे एक कॉल मिली और आरोपियों को पहले ही छात्रों ने पकड़ लिया था। कुछ छात्रों ने दावा किया है कि एक लड़की को हॉस्टल के वॉशरूम में एक शख्स को देखा गया था। वो लड़की काफी घबरा गई थी और वहां से तुरंत भाग गई। इस घटना में शामिल तीन लोगों को देखा गया, लेकिन उनमें से केवल एक को पकड़ा गया है। छात्र ने कहा, हम वहां मौजूद बाकी लोगों को भी पकड़ने की मांग कर रहे हैं। कुलपति (वीसी) से मौके पर आने और उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई है। छात्रों ने कहा, 'हम यहां 12:30 बजे से बैठे हैं।

## मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा, कांगपोकपी में दो गुटों के बीच गोलीबारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में हुई



गोलीबारी में एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए हैं मणिपुर में हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मणिपुर के कांगपोकपी जिले में हुई गोलीबारी में एक ग्रामीण की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि यह घटना तब हुई जब हथियारबंद लोग सतांग कुकी के पहाड़ी गांव में घुस आए। इस दौरान उन्होंने फायरिंग कर दी।पुलिस के हवाले से बताया कि मणिपुर के कांगपोकपी जिले में शनिवार सुबह दो सशस्त्र समूहों के बीच गोलीबारी हुई। इसमें एक स्वयंसेवक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए आपको बता दें कि घायल को इंफाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि घायलों में से एक के चेहरे पर और दूसरे की जांघ पर छर्रे लगे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


## भारत की शानदार मेहमान नवाजी के कायल हुए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश के 75वें गणतंत्र दिवस पर इस बार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मुख्य अतिथि के




रूप में शिरकत की। गणतंत्र दिवस के मौके पर भारत दौरे पर आए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मेहमान नवाजी के लिए भारत का आभार व्यक्त किया है। देश के 75वें गणतंत्र दिवस पर इस बार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। गणतंत्र दिवस के मौके पर भारत दौरे पर आए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मेहमान नवाजी के लिए भारत का आभार व्यक्त किया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया है। गणतंत्र दिवस के मौके पर 40 साल बाद कर्तव्य पथ पर पारंपरिक बग्घी फिर नजर आई। 250 साल पुरानी परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों बग्घी में कर्तव्य पथ पर पहुंचे। उनकी सुरक्षा राष्ट्रपति के अंगरक्षक द्वारा की गई। यह भारतीय सेना की सबसे वरिष्ठ रेजिमेंट है। इसकी स्थापना 1773 में की गई थी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों शुक्रवार को 75वें गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि बने। यह छठी बार है जब फ्रांस का कोई नेता भारत में गणतंत्र दिवस परेड का मुख्य अतिथि बना। कर्तव्य पथ पर परेड में फ्रांस की 95 सदस्यीय मार्चिंग टुकड़ी और 30 सदस्यीय बैंड ने भी हिस्सा लिया। इनके अलावा फ्रांस के दो राफेल विमानों और एक एयरबस ए-330 बहुउद्देश्यीय टैंकर परिवहन विमान भी परेड का हिस्सा बना।

## आधुनिक समाचार कार्यालय में पदाधिकारियों ने हर्षोल्लास से किया ध्वजारोहण










NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर एण्ड सेफ्टी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन इंजीनियर, सिस्टम सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है
नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।



महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा
उत्तर प्रदेश

Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480

# एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकली गई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नैनी ।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय सनतकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व द्वितीय के सामूहिक तत्वधान में आज दिनांक 24/01/2024 को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश के संरक्षण व एनएसएस प्रभारी डॉ सुरेश पटेल और प्रो ओम प्रकाश ने झंडी दिखा कर रैली को रवाना किया व रैली के साथ भ्रमण किया। स्वयं सेवकों के द्वारा जगह-जगह पर लोगों को मतदान की भूमिका के महत्व को समझाया। इस रैली में महाविद्यालय के प्राधापक प्रो. सुवर्णा सरकार, प्रो मजु लता, प्रो. नीतू सिंह, डॉ होसिता गुप्ता, डॉ. मंजरी मिश्रा, प्रो ए. के. झा, डॉ अवधेश कुमार, डॉ हरीश







डॉ रफत अनीस के मार्गदर्शन में एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकली गई । छात्रों ने राष्ट्र का जो उत्थान करें उन्हीं को मतदान, लोकतंत्र का सम्मान करेंगे निभ्य होकर मतदान करेंगे , सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो जैसे नारों के साथ लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया । महाविद्यालय के प्राचार्य कुमार, डॉ. संदीप कुमार, डॉ आसित जायसवाल, डॉ. हेमलता, डॉ.अनुभा श्रीवास्तव व अन्य प्राध्यापक तथा कर्मचारीगण ने रैली में प्रतिभाग कर स्वयंसेवियो का उत्साहवर्धन किया और स्वयंसेवियो को स्वयं भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया। अंत में समस्त प्राध्यापको स्वयंसेवियों ने मतदान करने की शपथ ली।

# बिशप जॉनसन स्कूल एंड कॉलेज एक्सटेशंन ब्रांच कटरा जिला महिला उद्योग व्यापार मंडल ने नैनी जेल में महिला बंदियों को ऊनी शॉल व ऊनी कपड़े वितरण किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।**जिला महिला व्यापार मंडल व के संयुक्त तत्वधान में केंद्रीय कारागार नैनी प्रयागराज में महिला बंदियों व छोटे बच्चों को अनेको सामान वितरण किए जिसमें महिलाओं के लिए 200 साड़ियां बच्चों के लिए गर्म कपड़े स्वेटर, हाईनेक, पजामें उन्हें जेल से बाहर निकालने का पूरा प्रयास करेंगे। जिला महिला व्यापार मंडल की महासचिव श्रीमती पल्लवी अरोड़ा ने कहा कि बहुत सारी ऐसी महिलाएं जेल में बंद है, जिनका अपराध बहुत ही छोटा है। उनकी आर्थिक स्थिति अपना अपराध शुल्क देने की नहीं है ,ऐसी प्रियदर्शनी सिंह ,हेड मिस्ट्रेस बिशप जॉनसन स्कूल एंड कॉलेज एंड गर्ल्स विंग ने 200 शॉल का वितरण किया और भविष्य में भी यह की।महिलाओं की सहायता करने का आश्वासन दिया। जेल की कठिन जीवन को देख कर उनके आंख से आसू छलक गए और उनका हृदय



वितरित किए। जिसमे जिला महिला व्यापार मंडल की अध्यक्ष श्रीमती अवंतिका टंडन कहां कि जिन महिलाओं की पैरवी नहीं हो पा रही है, वह जो महिला आर्थिक अभाव के कारण अपना आर्थिक दंड राशि नहीं जमा कर पा रही हैं। ऐसी महिलाओं को जिला महिला व्यापार मंडल कानूनी रूप से सहायता कर महिलाओं के लिए जिला महिला व्यापार मंडल अपना पूरा प्रयास कर उन्हें न्याय दिलाने की कोशिश करेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती हिना खान ने कहा करता है कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है जो मातृ शक्तियां जेल में बंद है, उनका भी ध्यान रखा जाए ,जो सहायता हो सके ,पूरी की जाए।श्रीमती भर आया।जिला महिला व्यापार मंडल और श्रीमती प्रियदर्शिनी सिंह ने सीनियर सुप्रीटेंडेंट ऑफ जेल श्री रंग बहादुर पटेल, जेलर श्री ओम प्रकाश , श्रीमती उर्मिला देवी , डेप्युटी जेलर को धन्यवाद दिया और जेल की सफाई और स्वच्छता ,के लिए उनकी भूरी भूरी प्रशंसा भी की ।

# तिरंगा यात्रा में झंडा लहराते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** नैनी थाना क्षेत्र के मडोका मड़कोनी निवासी आदर्श पटेल (23) पुत्र ओमप्रकाश पटेल गांव से निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में शामिल था। वह डीजे के ऊपर बैठा हुआ था। यात्रा तिगनौता के पास पहुंची थी तभी तिरंगा फहराने के दौरान वह हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। नैनी थाना क्षेत्र के तिगनौता में हाईटेंशन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक तिरंगा यात्रा में शामिल डीजे पर चढ़कर तिरंगा लहराते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। थाना क्षेत्र के मडोका मड़कोनी निवासी आदर्श पटेल (23) पुत्र ओमप्रकाश पटेल गांव से निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में शामिल था। वह डीजे के ऊपर बैठा हुआ था। यात्रा तिगनौता के पास पहुंची थी तभी तिरंगा फहराने के दौरान वह हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह देख वहां हड़कंप मच गया। सूचना पर नैनी पुलिस भी मौके पर पहुंची। लोगों ने पहले तो विरोध किया, लेकिन बातचीत के दौरान विरोध कर रहे लोगों को नैनी पुलिस ने समझा बूझकर शांत कर दिया।



# अपने चिर परिचित अंदाज में कुमार विश्वास ने लोगों को झूमने पर किया विवश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** जाने माने कवि कुमार विश्वास ने गाया- मैं अपनी गीत गजलों से उसे पैगाम करता हूं, उसी की दी हुई दौलत उसके नाम करता हूं। हवा का काम है चलना, दिए का काम है जलना, वो अपना काम करती है मैं अपना काम करता हूं। किसी के दिल एक प्रस्तुतियों से महफिल लूट ली। इसके मुख्य अतिथि इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी एवं उनकी पत्नी रेखा अवस्थी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कवि सम्मेलन में कवि डॉ. कुमार विश्वास ने जग भर के अपराध अपने शीशों पर उठाए, रस का माखन



की मायूसी जहां से हो के गुजरी है, कोई दीवाना कहता है कोई पागल समझता है। इफको फूलपुर इकाई में कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास के साथ ही कवि रमेश मुस्कान, सुदीप भोला, दिनेश बावरा व कृति चौबे ने अपनी एक से बढ़कर सबने खाया, लेकिन चोर हम ही कहलाए, दुनिया जीती, लेकिन गांधारी का श्राप हमने ही खाया। इसी प्रकार उन्होंने मैं अपनी गीत गजलों से उसे पैगाम करता हूं, उसी की दी हुई दौलत उसके नाम करता हूं। हवा का काम है चलना, दिए का काम है जलना, वो अपना काम करती है मैं अपना काम करता हूं। किसी के दिल की मायूसी जहां से हो के गुजरी है, कोई दीवाना कहता है कोई पागल समझता है। पुकारे आंख में चढ़कर तो खूं को खूँ समझता है। मोहब्बत एहसासों की पावन सी कहानी है, समंदर पीर के अंदर है लेकिन रो नहीं सकता। चलो अब लौट चलें रघुराई जन जन के हित इस निर्जन में हमने उमर खपाई। इसी प्रकार कवि दिनेश बावरा ने वर्तमान राजनीति पर तंज कसते हुए कहा कि दबाव बनाने की प्रक्रिया ऐसे ही जारी रही तो सरकार से नोटिस आ सकती है कि अब यूरिया भगवा रंग की बनाइए। कवि दिनेश बावरा की इस प्रस्तुति पर श्रोताओं ने जमकर ठहाके लगाए। इसी क्रम में कवित्री कृति चौबे राम अधिकार हैं याचनाए नहीं, राम युग दरस हैं मान्यताएं नहीं। राम को साधनाओं से मत साधिए, राम तो आचरण हैं कथाएं नहीं। राम बने तो कैसे बने देवता, राम आमजन हैं आमजन राम हैं।कवि रमेश मुस्कान ने सेना की भर्ती की लाइन में खड़े एक बूढ़े को देखकर आफीसर गरमाया, उसने बूढ़े से कुछ इस तरह फरमाया, बुड्ढे शमशान प्रतीक्षा कर रहा है, और तू सेना में भर्ती हो रहा है। क्या दिमाग में कीड़े पड़े हैं। बूढ़े ने जवाब दिया कि नंबर आते आते हम बूढ़े हो गए, लाइन में तो हम जवानी से खड़े हैं।

# विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले में 154 प्रशिक्षणार्थियों का हुआ चयन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अन्तर्गत कौशल विकास मिशन ए वं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विकास खण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कम्पनियों के स्टालों का अवलोकन किया गया। रोजगार मेला में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना एवं आईटीआई के लगभग 380 प्रशिक्षणाथिन्यों ने प्रतिभाग किया तथा 185 प्रशिक्षणाथिन्यों ने साक्षात्कार दिया। नियोक्ता कम्पनी समन्वयक उ0प्र0 कौशल विकास मिशन बी0बी0 सिंह ने कहा कि उ0प्र0 कौशल विकास मिशन भारत सरकार व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है इस योजना के माध्यम से युवाओं को विभिनन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान करते हुये रोजगार पाने और आत्मनिर्भर बनने



मुजाही बाजार पट्टी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पट्टी अशोक जायसवाल द्वारा फीता काटकर रोजगार मेला का उद्घाटन व सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष भाजपा शिव कुमार पटेल व तहसीलदार पट्टी मनोज कुमार राय द्वारा मेला में प्रतिभाग करने वाली टाटा मोटर्स, एल0आई0सी, अमेजॉन, सेफएक्सप्रेस, ग्रीन काल टेकनेलॉजी प्र0लि0 देवसु, आर्मस्ट्रांग टायर प्रा0लि0 आदि ने द्वारा लगभग 154 प्रशिक्षणाथिन्यों को चयनित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मेले में प्रतिभाग करने वाले युवाओ को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान किये जाने हेतु कम्पनियों का आवाहन किया गया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष भाजपा शिव कुमार पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम आयोजक नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई/जिला का मौका दे रही है। अच्छे कामगारों को अनुभव प्राप्त करने के बाद नियोक्ता कम्पनी उन्हें एवं उनके परिवार को बेहतर जीवनयापन हेतु अनेक सुविधायें भी उपलब्ध कराती है। अतिथियों द्वारा प्रशिक्षणाथिन्यों को नियुक्ति पत्र व प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम आयोजन में वंदना सिंह, मृत्युंजय पाण्डेय जिला कौशल प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक रवीन्द्र पाण्डेय, राजकीय आईटीआई के स्टाफ व अन्य सम्बन्धित तथा समस्त प्रशिक्षण प्रदाता व नियोक्ता कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रिजर्व पुलिस लाइन्स में एनडीआरएफ/यातायात प्रभारी के द्वारा आपदा प्रबंधन का पूर्वाभ्यास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** माघ मेला प्रयागराज में प्रदेश के विभिनन्न जनपदों से ड्यूटी में आए पुलिसकमिन्यों को लगातार मेला क्षेत्र में ड्यूटी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, आचरण एवं व्यवहार, मेले की भौगोलिक स्थिति सहित विभिनन्न विषयों पर अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 23:01:2024 को रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मानसरोवर सभागार में आपदा जोखिम को कम करने हेतु एनडीआरफ अरैल घाट पर तैनात कमांडर निरीक्षक चमन किशोर गुप्ता के द्वारा प्रशिक्षण के प्रथम कालांश में भूकंप एवं बाढ़ से बचाव के तरीके,गले में फसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटो एवं सांप काटने का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके ,जल संरक्षण तकनीक ,अगिन्शामक यंत्र का उपयोग, सचेत ऐप के इंस्टॉलेशन और उपयोग आदि विभिनन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया ईसी क्रम में द्वितीय कालांश में यातायात उप निरीक्षक अवधेश कुमार यादव के द्वारा प्रमुख मागी,महत्वपूर्ण स्थानो,सनन घाटो, पार्किंगो, पांटून पुलों पर आवागमन के संबंध में यातायात व्यवस्था की सुचारू जानकारी प्रदान की ।



# 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का होगा आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रतापगढ़।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनसामान्य को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 25 जनवरी को तहसील सदर सहित जनपद मुख्यालय पर तुलसीसदन (हादीहाल) में पूर्वान्ह 11 बजे से राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद की लालगंज, कुण्डा, पट्टी व रानीगंज तहसीलों में भी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जायेगा तथा जनपद के समस्त विधान निर्वाचन क्षेत्रों में अवस्थित समस्त मतदान केन्द्रों पर सम्बन्धित बीएलओ द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जायेगा। उन्होने कहा है कि अपने निकट मतदान केन्द्र, तहसील व जिला मुख्यालय पर तुलसीसदन में आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस में प्रतिभाग करें।

# अखिलेश कहीं से भी लड़ें चुनाव, नहीं मिलेगी जीत, देश में चल रही है राम लहर एवं मोदी की लहर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** बृहस्पतिवार को प्रयागराज पहुंचे केशव से जब पूछा गया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आजमगढ़ और कन्नौज से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा है तो उसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव यूपी की सभी 80 सीटों से भी चुनाव लड़ें तब भी वह चुनाव नहीं जीतेंगे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बृहस्पतिवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव और आईएनडीआईए गठबंधन पर बड़ा हमला बोला। बृहस्पतिवार को प्रयागराज पहुंचे केशव से जब पूछा गया कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आजमगढ़ और कन्नौज से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा है तो उसके जवाब में उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव यूपी की सभी 80 सीटों से भी चुनाव लड़ें तब भी वह चुनाव नहीं जीतेंगे। आईएनडीआईए गठबंधन को लेकर कहा कि वह भ्रष्टाचार, परिवारवाद और स्वार्थी



गठबंधन है।सर्किट हाउस में संवाददाताओं से हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि गठबंधन मिलकर लड़ेंगे तब भी कमल खिलेगा और अलग-अलग लड़ेंगे तब भी कमल का खिलना तय है। उन्होंने कहा न यह टिकाऊ है और ना ही इसके पास कोई अपना विजन है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी देश ही नहीं बल्कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेता हैं और देश उनके नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ रहा है। वहीं डिप्टी सीएम ने खुद के लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि यह पार्टी नेतृत्व ही तय करता है। केशव प्रसाद मौर्य या कोई अन्य व्यक्ति नहीं तय करता है।उन्होंने कहा है कि अगर चुनाव लड़ना होगा तो चुनाव समिति इसकी घोषणा करेगी। लेकिन मेरी जानकारी में चुनाव लड़ने जैसी कोई बात फिलहाल नहीं है। वहीं दो फरवरी से यूपी विधानसभा के शुरू होने वाले बजट सत्र से पहले एक फरवरी को अयोध्या में होने जा रही योगी सरकार की कैबिनेट बैठक को लेकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक है।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
★C.O.P.A.
★Fitter
★Security Service
★Electric Technician
★Electrician
★Computer Application
★Repair of Refrigerator & A.C.
★Fire Safety & Industrial Security
★Computer Teacher Training
★Computer Hardware & Maintenance
★Welding Technology
★Certificate in YOGA
Message
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
स्टाम्प न्यायालय शुल्क, पंजीयन
एवं नागरिक उड्डयन विभाग
उत्तर प्रदेश
मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि आपकी संस्था "नैनी आद्योगिक प्रशिक्षण केन्द" द्वारा विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी "प्रवेश विवर्जिका" नाम की पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका छात्र / छात्राओं में चेतना, सृजनात्मक शक्ति, बौद्धिक क्षमता एवं उनकी वैचारिक एवं मानसिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने मे अवश्य सार्थक सिद्ध होगी।
संस्था द्वारा प्रकाशित होने वाली पत्रिका " प्रवेश विवर्जिका" के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं!
भवदीय
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
Nand Goapal Gupta
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
Enjoy Publicity

## सम्पादकीय

### शहरों का समावेशी विकास हो ध्येय, आमजन की आजीविका और पर्यावरण का ध्यान जरूरी

हमारा ध्येय समेकित और समावेशी विकास होना चाहिए, जिसके मूल में आमजन की आजीविका व बेहतर पर्यावरण हो, न कि मात्र सौंदर्यीकरण।पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में झुग्गी-झोपड़ी हटाए जाने को लेकर कई विवाद और आंदोलन चल रहे हैं। क्या सही है और क्या गलत, यह अलग विषय है। लेकिन मूल विषय यह है कि जब भी शहरों के विकास की बात आती है, तो पहला कहर झुग्गी-झोपडि़यों या छोटे-छोटे व्यवसायियों पर ही गिरता है। संभवतः ये सुगम लक्ष्य होते हैं, जिन्हें बेदखल करना आसान होता है। उनकी कोई सशक्त आवाज भी नहीं होती और कुछ राजनीतिक उद्देश्यों से उनकी वकालत होती है, किंतु समय के साथ वह भी क्षीण पड़ जाती है। आमतौर पर शहरीकरण का दृष्टिकोण हर व्यक्ति, हर समाज और हर वर्ग के लिए भिन्न होता है। इसमें समग्रता, सततता और संपूर्णता का नितांत अभाव पाया जाता है। वर्तमान में शहरों के विकास की चर्चा में मूलतः सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता दी जाती है। सिकुड़ते या लुप्त होते फुटपाथ, उजड़ती हरियाली, बढ़ता धुआं, बेतरतीब बाजारों का विकास, अवैध बस्तियां, विनाशकारी गगनचुंबी इमारतें, अनियोजित नगरीय योजना, अतिक्रमण, जल-मल निकास की अपर्याप्त व्यवस्था, बंद होती नालियां, पर्यावरण के लिए नुकसानदेह परिवहन, अनियंत्रित वाहन बिक्री, बिगड़ती/अनियंत्रित कानून व्यवस्था, शायद यही शहरों की पहचान बन गए हैं। नीति निर्धारकों एवं कार्यपालिका का संपूर्ण ध्येय या तो शहर को सुंदर बनाना या गाडि़यों के लिए सहज मार्ग विकसित करने तक रह गया है। इसके लिए इन दिनों एक नया चलन चला है- चौराहों को सिगन्ल फ्री करने का। लेकिन पैदल यात्री या साइकिल या अन्य पर्यावरण सम्मत साधन कैसे चलेंगे, यह किसी के जेहन में नहीं है। जबकि 80 प्रतिशत से अधिक आबादी अब भी पैदल या सार्वजनिक परिवहन की मोहताज है। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से भी निजी वाहनों का उपयोग अनुकूल नहीं है। ऐसे में, सिगन्ल फ्री चौराहों की परियोजनाओं पर असीमित व्यय न्यायसंगत नहीं लगते। राजस्थान में कोटा शहर को सिगन्ल फ्री बनाने की कवायद तो की गई, लेकिन सार्वजनिक परिवहन को सशक्त बनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से समावेशी विकास की ओर कदम बढ़ाया गया है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी सिर छिपाने की जगह मिल सके। इससे समावेशी समाज की संकल्पना को साकार करने में मदद मिलेगी। इसी प्रकार छोटे कारोबारियों, रेहड़ी वालों आदि के लिए भी व्यापक कार्यक्रम की आवश्यकता है, ताकि वे निरंतर विस्थापित होने से बचकर अपनी आजीविका कमा सकें। राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में 26 प्रतिशत के भागीदार सूक्ष्म एवं छोटे, अनौपचारिक कारोबारी हैं, जिन्हें अक्सर विस्थापित किया जाता है। जबकि शहरी जीवन के लिए यह वर्ग जीवनरेखा के रूप में कार्य करता है। नई नगरीय योजनाओं में तकनीक सुलभता के बावजूद समेकित सेवाओं का अभाव परिलक्षित होता है। सड़कों, गलियों और उद्यानों में इतनी गाडि़यां होती हैं कि न तो पैदल चलने की जगह रह पाती है और न ही ठीक से सफाई कार्य हो पाता है। शहरों के विकास में सर्वाधिक अहम भूमिका सार्वजनिक परिवहन की रहती है, जिसके बिना व्यापार एवं सामान्य जीवन निजी वाहनों पर निर्भर रहता है और वातावरण प्रदूषित होता रहता है। हालांकि मेट्रो नेटवर्क के विकास और इलेक्ट्रिक बसों के विस्तार से थोड़ा सुधार होना शुरू हुआ है। शहरी सार्वजनिक परिवहन को मात्र यात्रा के साधन के रूप में नहीं, बल्कि पर्यावरण, आर्थिक बचत और सामाजिक विकास के साधन के रूप में भी समझा जाना चाहिए। संभवतः पश्चिम में ऐसा कोई भी विकसित शहर नहीं होगा, जो बिल्डिंग लाइन का अनुसरण नहीं करता हो। वहां सौंदर्यीकरण के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान दिया जाता है। आज जब हम नए भारत की अवधारणा के साथ विकास की नीतियों का निर्धारण कर रहे हैं, तो हमारा ध्येय समेकित और समावेशी विकास होना चाहिए, जिसके मूल में आमजन, बेहतर पर्यावरण, व्यापक आजीविका के अवसर, सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवन हो, न कि मात्र सौंदर्यीकरण।



# अमीरों का क्लब बन गया है विश्व आर्थिक मंच, आम आदमी के लिए इसकी प्रासंगिकता सवालों के घेरे में

इस वर्ष पांच दिन तक चले विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम) के सम्मेलन में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उनका सामान्य जन से कोई खास सरोकार दिखाई नहीं देता। मसलन, एक सत्र में इस बात पर चर्चा हुई कि दुनिया में व्यापार और निवेश कथित रूप से कुशल साझेदारी के बजाय मित्रता के आधार पर हो रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष, इस्राइल-हमास युद्ध आदि स्थितियों के कारण उनके निवेश प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए उनमें चिंता व्याप्त है।विगत 15 से 19 जनवरी के बीच विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम) का सम्मेलन दावोस (स्विट्जरलैंड) में संपन्न हुआ, जिसमें आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी हस्तियों ने हिस्सा लिया। 60 देशों के शासनाध्यक्षों के अलावा कई बड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधि, राजनेता, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुख और आर्थिक जगत के अनेकानेक प्रमुख इस सम्मेलन में दिखे। वर्ष 1971 में अस्तित्व में आए इस मंच पर पिछले लगभग 53 साल से व्यापार, भू-राजनीति, सुरक्षा, सहकार, ऊर्जा से लेकर पर्यावरण और प्रकृति समेत अनेक मुद्दों पर चर्चा होती रही है, लेकिन उसके पीछे बहुराष्ट्रीय कंपनियों का अपना एजेंडा होता है। इस वर्ष पांच दिन तक चले इस सम्मेलन में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उनका सामान्य जन से कोई खास सरोकार दिखाई नहीं देता। मसलन, एक सत्र में इस बात पर चर्चा हुई कि दुनिया में व्यापार और निवेश कथित रूप से कुशल साझेदारी के बजाय मित्रता के आधार पर हो रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष, इस्राइल-हमास युद्ध आदि स्थितियों के कारण उनके निवेश प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए उनमें चिंता व्याप्त है। इस मंच पर जिन 60 शासनाध्यक्षों ने भाग लिया, वे सभी वैश्विक भू-राजनीति में उथल-पुथल से चिंतित दिखे। बेशक उनकी चिंता वाजिब है, लेकिन आर्थिकी की चर्चा करते समय उनका ध्यान मुल्कों के बीच असमानताओं और दुनिया में गरीबी, निरक्षरता और बेरोजगारी की तरफ नहीं था। पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर बात तो हुई, लेकिन समाधान के लिए वैश्विक नेताओं में कोई विशेष इच्छाशक्ति दिखाई नहीं दा पिछले कई पर्यावरण सम्मेलनों से यह स्पष्ट हो रहा है कि आज पर्यावरण पर चर्चा से ज्यादा समाधान की जरूरत है। कई वर्ष पहले विकसित देशों ने वादा किया था कि वे पर्यावरण समस्या से निपटने के लिए हर वर्ष 100 अरब अमेरिकी डॉलर की सहायता देंगे। लेकिन वह सहायता दूर-दूर तक कहीं नजर नहीं आ रही। उसी तरह से बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी अपने पास उपलब्ध प्रौद्योगिकी बिना भारी शुल्क लिए साझा करने को तैयार नहीं हैं। जो लोग दावोस बैठक में हिस्सा लेने आए, उन्होंने बिगड़ते पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से तबाही की आशंकाओं पर चर्चा तो की, लेकिन विडंबना देखिए कि उनमें से अधिकांश अपने-अपने निजी विमान से आए। जाहिर है, उससे जितनी कार्बन का उत्सर्जन हुआ, उससे वे उदासीन थे एक हजार बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा पोषित यह मंच अपने सम्मेलनों में हिस्सा लेने वालों से फीस के रूप में मोटी रकम वसूलता है, जिसका मतलब है कि इसे सर्वसमावेशी मंच नहीं कहा जा सकता है। इसे दुनिया की उन विशालकाय कंपनियों का ही मंच कहा जा सकता है, जिनके पैसे से इसका काम चलता है। यदि वास्तव में वे दुनिया के समक्ष मौजूद समस्याओं के प्रति संवेदनशील होते, तो इसमें भाग लेने के लिए भारी-भरकम शुल्क की अनिवार्यता नहीं होती, बल्कि हाशिये पर खड़े समुदायों, पिछड़े समाजों के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं और सामान्य लोगों को भी इसमें हिस्सेदारी के लिए आमंत्रित किया जाता। शासनाध्यक्षों, सरकारों में बड़े मंत्रियों और बड़ी कंपनियों के चहेते चुनिंदा बुद्धिजीवियों की उपस्थिति इन कंपनियों के एजेंडे को वैधता प्रदान करती है। ये बहुराष्ट्रीय कंपनियां मानवता और विश्व कल्याण की चाहे कितनी भी बातें करें, इनका असली चेहरा इस सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान देखने को मिला, जब फाइजर कंपनी ने अप्रभावी वैक्सीन जान बूझकर दुनिया भर में बेची। कंपनी को भली-भांति मालूम था कि उनकी वैक्सीन प्रभावी नहीं है, उसके बावजूद वह अमेरिकी सरकार के जरिये भारत पर भी दबाव बना रही थी। पिछले वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम (2023) में जब पत्रकारों द्वारा फाइजर कंपनी के प्रमुख से इस बाबत पूछा गया, तो वह कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं हुए। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि 'गैट' समझौतों में अधिकांश समझौते बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दबाव में हुए। ट्रिप्स समझौते में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हित में न केवल दवाओं और चिकित्सकीय उपकरणों समेत सभी प्रकार के उत्पादों पर पेटेंट की अवधि बढ़ाई गई, बल्कि प्रक्रिया पेटेंट से उत्पाद पेटेंट की व्यवस्था भी लागू की गई, जिससे दुनिया के देशों में स्वास्थ्य सुरक्षा बाधित हुई। जब भारत की कैडिला कंपनी से दक्षिण अफ्रीका द्वारा दवाई खरीदने का उन कंपनियों ने विरोध किया, तो उन्हें जनता के रोष का सामना करना पड़ा। फिर डब्लूयूटीओ ने कहा कि महामारी और आपातकालीन परिस्थितियों में पेटेंट अप्रभावी रहेंगे। लेकिन दुनिया ने देखा कि महामारी के बावजूद बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने अपने पेटेंट अधिकारों को नहीं छोड़ा। यही नहीं, जब भारत और दक्षिण अफ्रीका के नेतृत्व में 100 से अधिक देशों ने ट्रिप्स काउंसिल के सामने ट्रिप्स से छूट का प्रस्ताव रखा, तो अपनी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दबाव में सभी विकसित देशों ने इसका विरोध किया। तमाम प्रयासों के बावजूद सिर्फ कोरोना वैक्सीन पर ही उन्होंने पेटेंट के अधिकार को छोड़ने का प्रस्ताव माना, लेकिन उसमें भी इतनी शर्तें जोड़ दी गईं, कि वह छूट लगभग निष्प्रभावी हो गई। समझना होगा कि वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों का ही एक मंच है, जिससे कुछ खास अपेक्षा नहीं की जा सकती। ऐसे मंचों से विश्व को सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि उनका वास्तविक एजेंडा पारदर्शी नहीं है। ऐसे मंचों पर जब आर्थिकी, व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यावरण और यहां तक कि असमानताओं की चर्चा होती है, तो समझ लेना चाहिए कि इन चर्चाओं के माध्यम से बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपने हित में वैश्विक एजेंडा चला रही हैं।विगत 19 जनवरी को अमेरिकी प्रतिनिधि स्कॉट पेरी (पीए-10) ने पांच अन्य लोगों के साथ मिलकर 'डिफंड दावोस ऐक्ट' पेश करते हुए कहा, 'अमेरिकी करदाताओं को द्वीपीय, वैश्विक अभिजात्य वर्ग की वार्षिक स्की रिसॉर्ट यात्राओं के लिए धन देने को मजबूर करना बेतुका है-निंदनीय तो छोड़ ही दें... विश्व आर्थिक मंच अमेरिकी फंडिंग के एक प्रतिशत के लायक भी नहीं है, और यह सही समय है, जब हम दावोस को निधि से वंचित कर रहे हैं।' साफ है कि अमेरिकी कांग्रेस भी अभिजात्य वर्ग का बताकर इसका विरोध कर रही है। आम आदमी के लिए अब इसकी प्रासंगिकता सवालों के घेरे में है।




## समस्या मोबाइल फोन है, उसका रेडिएशन नहीं

अगर ज्यादातर वक्त आप अपने मोबाइल में डूबे रहते हैं, तो इससे समस्याएं हो सकती हैं। लेकिन इसके रेडिएशन से कैंसर होने के डर का कोई आधार नहीं।अगर आप सारा दिन अपने मोबाइल फोन से चिपके रहते हैं, तो इससे आपको नींद संबंधी विकारों का सामना करना पड़ सकता है, कार्टिसोल का स्तर बढ़ सकता है, जोड़ों में दर्द रह सकता है और आपके रिश्ते भी इससे प्रभावित हो सकते हैं। लेकिन अगर आप मोबाइल फोन से निकलने वाले विकिरण (रेडिएशन) से डरे हुए हैं, तो विशेषज्ञों का कहना है कि इस डर से आपको फोन छोड़ने की कतई जरूरत नहीं है। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के एसोसिएट डीन गेल वोलोस्चक के अनुसार सेलफोन का विकिरण बिल्कुल भी खतरनाक नहीं होता। बर्मिंघम में अलबामा यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर एमिला कैफ्रे कहती हैं कि स्मार्टफोन विकिरण उत्सर्जित करते हैं, क्योंकि ये आवाज, टेक्स्ट, फोटो और ई-मेल को नजदीकी मोबाइल टावर तक पहुंचाने के लिए अदृश्य ऊर्जा तरंगों का उपयोग करते हैं। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि इस संबंध में करीब तीन दशक के वैज्ञानिक अनुसंधान बताते हैं कि इस विकिरण का कैंसर या किसी भी दूसरी बीमारी से कोई संबंध नहीं है। न्यूयॉर्क में कार्नेल मेडिकल सेंटर में ब्रेन ट्यूमर केंद्र के निदेशक डॉ हॉवर्ड फाइन के अनुसार विकिरण कई प्रकार के होते हैं, जिनमें से कुछ ही हानिकारक होते हैं। डॉ फाइन कहते हैं, 'परमाणु बम या काफी हद तक एक्सरे मशीनें आयनीकृत विकिरण का उत्सर्जन करती हैं, जो डीएनए को नुकसान पहुंचा सकती हैं और कैंसर का कारण भी बन सकती हैं।' लेकिन, डॉ कैफ्री के अनुसार स्मार्टफोन से उत्सर्जित होने वाला विकिरण गैर-आयनीकृत श्रेणी का होता है, जो उतना शक्तिशाली नहीं होता कि नुकसान पहुंचा सके। आयनीकृत विकिरण ज्यादा खतरनाक होते हैं, जो हमारे डीएनए को बनाने वाले परमाणुओं से इलेक्ट्रॉनों को अलग कर देते हैं, जिससे कैंसर होने की आशंका पैदा होती है।



## नेताजी ने न सिर्फ हिंदी सीखी, कांग्रेस और आजाद हिंद फौज में बढ़ावा भी दिया

नेताजी जानते थे कि ही समूचे भारत को जोड़ सकती है। उन्होंने हिंदी तो सीखी ही, फिर कांग्रेस और आजाद हिंद फौज में हिंदी को बढ़ावा भी दिया।हिंदी के विकास में बंगाल, विशेषकर कोलकाता का योगदान बहुत ज्यादा है। हिंदी ही भावी भारत की संपर्क भाषा होगी, यह विचार पहली बार बंगाल की धरती के ही आचार्य केशवचंद्र सेन ने 1875 में दिया था। कोलकाता की ही धरती पर 1830 में पहला हिंदी अखबार निकला। कोलकाता में 26-28 मार्च, 1929 को हिंदी साहित्य सम्मेलन का अधिवेशन हुआ था। उसकी स्वागत समिति के अध्यक्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस ही थे, जिन्होंने हिंदी में भाषण दिया था। उन्हें पता था कि हिंदी के विकास में कोलकाता का क्या स्थान है। तब कोलकाता में करीब पांच लाख हिंदी भाषा-भाषी लोग रहते थे। तब नेताजी ने बांग्ला भाषियों से हिंदी सीखने और हिंदी के प्रति कोई आग्रह न रखने को लेकर अपील भी की थी। उन्होंने महात्मा गांधी समेत हिंदी साहित्य सम्मेलन के लोगों से भी अपील की थी कि मद्रास प्रांत की तरह वे बंगाल और असम में भी हिंदी के प्रचार का प्रबंधन करें। उन्होंने कोलकाता और बंगाल में हिंदी पढ़ाने के लिए लोगों से कहा भी था। उन्हें उम्मीद थी कि इसकी वजह से बहुत सारे बंगाली छात्र हिंदी पढ़ने के लिए तैयार हो जाएंगे। उन्होंने बंगाल के छात्रों को छात्रवृत्ति देकर हिंदी का प्रचारक बनाने का भी प्रस्ताव दिया था नेताजी उन दिनों मजदूरों के बीच भी काम कर रहे थे। तब उन्हें समझ आया कि आम बोलचाल की भाषा के बिना बुनियादी स्तर पर सहज संपर्क स्थापित नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा जताई थी कि यदि तन-मन-धन से प्रयतन किया गया, तो वह दिन दूर नहीं, जब भारत स्वाधीन होगा और उसकी राष्ट्रभाषा होगी हिंदी। नेताजी को लगता था कि अगर हिंदी को सहज संपर्क भाषा के रूप में अपना लिया गया और दिल-खोलकर लोग इसे सीखेंगे, तो आने वाले दिनों में प्रांतीय वैचारिक खाइयों को पाटने में हिंदी ही मददगार होगी। वर्ष 1938 में हरिपुरा कांग्रेस अधिवेशन में अध्यक्ष चुने जाने के बाद नेताजी ने हिंदी में ही भाषण देते हुए कहा था, 'यदि देश में जनता के साथ राजनीति करनी है, तो उसका माध्यम हिंदी ही हो सकती है। बंगाल के बाहर मैं जनता में जाऊं, तो किस भाषा में बोलूं? इसलिए कांग्रेस का सभापति बनकर मैं हिंदी खूब अच्छी तरह न जानूं, तो काम नहीं चलेगा।' इसलिए उन्होंने हिंदी सीखने पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने लक्ष्मीनारायण तिवारी नाम के सज्जन से हिंदी सीखी। आजाद हिंद फौज में भी उन्होंने हिंदुस्तानी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया। नेताजी समझते थे कि जिस देश के पास अपनी राष्ट्रभाषा नहीं होती, वह खड़ा नहीं रह सकता। उन्होंने कहा था कि भारत की स्वाभाविक लोकभाषा हिंदी एवं उर्दू का मिश्रण होगी, जो देश के बड़े भाग में बोली भी जाती है। उन्होंने इसे लिखने के लिए देवनागरी अथवा उर्दू यानी फारसी, दोनों लिपियों को सुझाया था। यहां पर वे गांधी और विनोबा से अलग विचार रखते हैं। गांधी ने जहां हिंदी और उर्दू-दोनों के लिए देवनागरी लिपि अपनाने का सुझाव दिया, वहीं विनोबा इससे एक कदम आगे, भारत की सभी भाषाओं को नागरी लिपि अपनाने पर जोर देते रहे। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान आजाद हिंद फौज ने जापानी सेना के सहयोग से ब्रिटिश सेना पर हमला किया। नेताजी की अगुआई में पूर्वी भारत के कई हिस्सों पर आजाद हिंद फौज ने कब्जा कर लिया था। तब नेताजी ने फौज को प्रेरित करने के लिए हिंदी में नारा दिया था, 'दिल्ली चलो।' जब आजाद हिंद फौज ने अंग्रेजों से अंडमान और निकोबार द्वीप छीन लिए, तो नेताजी ने इन द्वीपों को 'शहीद द्वीप' और 'स्वराज द्वीप' नाम दिया। आजाद हिंद फौज का प्रयाण गीत- कदम-कदम बढ़ाए जा/खुशी के गीत गाए जा/यह जिंदगी है कौम की, तू कौम पे लुटाए जा-आज भी भारतीय सेनाओं का प्रयाण गीत बना हुआ है, जिसे रामसिंह ठाकुर ने लिखा था। यह गीत भी हिंदी के प्रति नेताजी की सोच के बारे में बताता है। गैर हिंदीभाषी होते हुए भी हिंदी को लेकर नेताजी की सोच इस बात की द्योतक है कि हिंदी को आगे बढ़ाने में हमारे स्वाधीनता संग्राम के नायकों ने कैसा योगदान दिया।



## खाद्य सुरक्षा की दिशा में समाज, सरकार और बाजार का एक साथ आना जरूरी

देश की खाद्य प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए तीन महत्वपूर्ण कारकों-समाज, सरकार और बाजार-का एक साथ आना बहुत जरूरी है। खाद्य सामग्रियों के उपयोगकर्ता नागरिक, उत्पादनकर्ता किसान और इनकी मदद करने वाली सिविल सोसाइटी, ये तीनों मिलकर खाद्य प्रणाली के संदर्भ में एक समाज तैयार करते हैं। भारत ने अपनी खाद्य और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत खाद्य सब्सिडी पर अगले पांच वर्षों में लगभग 12 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का फैसला किया है। खाद्यान्न-उपलब्धता की दिशा में यह कदम महत्वपूर्ण है। पर भारत के सामने पोषण की चुनौती दोहरी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण, 2019-21 बताता है कि एक तरफ 35 फीसदी बच्चे अविकसित, 57 फीसदी महिलाएं और 25 फीसदी पुरुष एनीमिया से पीडि़त हैं, दूसरी ओर असंतुलित आहार और आलसी जीवनशैली के कारण 24 फीसदी वयस्क महिला और 23 फीसदी वयस्क पुरुष मोटापे का सामना कर रहे हैं। इसके साथ बदलती जलवायु, लगातार घटते भूजल, और मिट्टी का गिरता उपजाऊपन जैसी चुनौतियां हमारी खाद्य सुरक्षा को संकट में डाल सकती हैं। ऐसे में, देश की खाद्य प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए तीन महत्वपूर्ण कारकों-समाज, सरकार और बाजार-का एक साथ आना बहुत जरूरी है। खाद्य सामग्रियों के उपयोगकर्ता नागरिक, उत्पादनकर्ता किसान और इनकी मदद करने वाली सिविल सोसाइटी, ये तीनों मिलकर खाद्य प्रणाली के संदर्भ में एक समाज तैयार करते हैं। उपभोक्ता के रूप में नागरिकों को बाजार से अपने खान-पान की सामग्री खरीदने और इस्तेमाल करने के ज्यादा सतर्क विकल्प चुनने चाहिए। जब नागरिक खान-पान के लिए बेहतर विकल्प चुनते हैं, तब यह किसानों और बाजार को उपयुक्त फसलें उगाने और उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करता है। ऐसे ही, किसानों को भी मिट्टी को उपजाऊ बनाए रखने के लिए उर्वरकों और कीटनाशकों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल पर ध्यान देना चाहिए। सतत कृषि पर काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायनरमेंट ऐंड वॉटर (सीईईडब्लूयू) का अध्ययन बताता है कि किसानों को जैविक मल्चिंग और 365 दिनों तक आच्छादित रहने वाली खेती जैसी कृषि पद्धतियों को अपनाना चाहिए। ये मिट्टी की सेहत सुधारने और उसमें लचीलापन बढ़ाने के अलावा पानी और अन्य कृषि सामग्री की खपत घटाने और किसान का मुनाफा बढ़ाने में सहायक हैं। खाद्य प्रणाली को सेहतमंद बनाने और सतत परिणामों की तरफ ले जाने के लिए, केंद्र और राज्य सरकारों को मिड डे मील, आंगनबाड़ी, सामुदायिक रसोई जैसी सेवाओं और रेलवे जैसे विभागों के लिए सतत पद्धतियों से स्थानीय स्तर पर उत्पादित पौष्टिक अनाज और दाल खरीदने की शुरुआत करनी चाहिए। जैसे राजस्थान में बाजरा या छत्तीसगढ़ में राजगीरा की खरीद होती है। बच्चों की खाद्य सामग्री के लिए विशेष सख्त नियम होने चाहिए। साथ ही, सरकारों को किसानों की मदद के लिए नए तरीके विकसित करने चाहिए। जैसे किसानों को सब्सिडी पर उर्वरक देने की जगह पर प्रति हेक्टेयर कृषि योग्य जमीन के आधार पर कृषि सामग्री के लिए नकद सहायता दी जा सकती है। एक सतत खाद्य प्रणाली बनाने में बाजार की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। कारोबार को यह समझने की जरूरत है कि अगर वे सतत और पुनरुत्पादक कृषि पद्धतियों को लोकप्रिय बनाने में किसानों के साथ मिलकर काम नहीं करेंगे, तो उनके सामने कच्चे माल की उपलब्धता बाधित होने का जोखिम बना रहेगा। इसके अलावा, उपभोक्ताओं की प्राथमिकताओं को पौष्टिक और सतत उपभोग की तरफ मोड़ने में कंपनियों की भी बड़ी भूमिका है। जब तक स्थानीय दुकानों पर सेहतमंद खाद्य सामग्री के विकल्प उपलब्ध नहीं होंगे, कोई उपभोक्ता चाहकर भी इनका इस्तेमाल नहीं कर पाएगा। जैसे, कंपनियों को चीनी और मैदे से भरे ग्लूकोज बिस्कुट की जगह मोटे अनाज से बने बिस्कुट को प्रोत्साहित करना चाहिए खाद, बीज और कीटनाशक जैसी कृषि सामग्रियों से जुड़ी कंपनियों के सामने भी अपने बिजनेस मॉडल में धीरे-धीरे बदलाव लाने की जरूरत है। उदाहरण के लिए, उन्हें बाजार में सिर्फ उर्वरक बेचने की जगह पर उसके इस्तेमाल करने की सेवा भी उपलब्ध करानी चाहिए। इस मॉडल पर आंध्र प्रदेश में मिर्च की खेती से जुड़ा एक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) पहले से काम कर रहा है। अगर हमें एक स्वस्थ धरती पर अपने बच्चों के सेहतमंद भविष्य की परवाह है, तो इसके लिए समाज, सरकार और बाजार को एक साथ मिलकर काम करना होगा।



# लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे कांग्रेस के कार्यकर्ता व वरिष्ठ नेता-अविनाश पांडये



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा ।** कांग्रेस के कर्मठ व जुझारू नेता उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य यतेन्द्र शर्मा ने दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के एआईसीसी कार्यालय पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रभारी अविनाश पांडये से मुलाकात कर चादर उढ़ाकर व पटका पहनाकर व गुलदस्ता देकर शुभकामनाएं व बधाई दी और आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर,संगठन को लेकर राजनीतिक चर्चा की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अविनाश पांडये ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता व नेताओं का सम्मान हमारे लिए सबसे पहले है लोकसभा चुनाव आने वाला है उसकी तैयारी में जुटे गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के कर्मठ जुझारू संघर्षशील पुराने कांग्रेस के कार्यकर्ता को ही चुनाव लड़ाया जायेगा कांग्रेस पार्टी के नेता व कार्यकर्ता का सम्मान पहले है इस मौके पर कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# सपा नोएडा महानगर ने मनाया श्री कर्पूरी ठाकुर जी की 100 वीं जयंती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा ।** समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर ने सेक्टर 53 स्थित सपा कार्यालय पर जननायक समाज वादी नेता श्री कर्पूरी ठाकुर जी की 100 वीं जयंती पुष्प अर्पित कर धूमधाम से मनाया। महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा कि जननायक के रूप में मशहूर समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के 100 वीं जयंती पर मरणोपरांत भारत रतन दिए जाने की घोषणा, सामाजिक न्याय की जीत है। कार्यक्रम में उपस्थित लोकसभा प्रभारी वीर सिंह यादव ने कहा कि श्री कर्पूरी ठाकुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिक्षक तथा बिहार के दूसरे उपमुख्यमंत्री थे, प्रदेश सचिव सुनील चौधरी ने कहा कि उनकी लोकप्रियता के कारण उन्हें जननायक कहा जाता था।कर्पूरी ठाकुर ने गरीबों और वंचितों के लिए जो किया हुआ एक मिसाल है। कार्यक्रम का संचालन महासचिव विकास यादव ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में बबलू चौहान,गौरव कुमार यादव, महकर सिंह तंवर, शालिनी खारी , सतवीर यादव, रोहित यादव,नितिन वाल्मीकि, जयवीर यादव,सौरभ चौहान, कैलाश यादव, नेहा पांडेय, बिल्लू सैफी, विमला, इंद्रजीत, देवेंद्र खारी, कैलाश शाह, रवि पर्चा,दशरथ ठाकुर ,संजीव ठाकुर,रामराज कुशवाहा, ओमपाल सिंह, सिकंदर पासवान,मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों के सम्मान को लेकर हुई चर्चा, निकाली गई जागरूकता रैली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा ।** नोएडा जनपद में बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेक्टर 39 स्थित संयुक्त जिला अस्पताल परिसर से जन जागरूकता रैली निकाली गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. ललित कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली संयुक्त जिला अस्पताल परिसर से शुरू हुई और महिला थाने, सिटी सेंटर, राजकीय डिग्री कालेज से होते हुए दोबारा अस्पताल परिसर में आकर समाप्त हुई। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में सीएमओ की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद के विभिनन चिकित्सालयों व अल्ट्रासाउंड केन्द्रों के चिकित्सकों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर बेटियों के सम्मान, कन्या भ्रूण हत्या, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, लिंग समानुपात, पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पी.सी.पी.एन.डी.टी.) अधिनियम और मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ़ प्रेगनेंसी (एमटीपी) अधिनियम पर महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। बालिकाओं के गिरते लिंगानुपात को लेकर जागरूकता पैदा करने एवं उनके साथ समाज में हो रही असमानताओं को दूर करने के उद्देश्य से हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। सीएमओ कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के आयोजन का महत्व बताया। उन्होंने समाज में बालिकाओं की जरूरत, उनके महत्व एवं उनके कार्यों पर प्रकाश डाला और कहा -समाज एवं घर परिवार बालिकाओं की अनुपस्थिति में वीरान लगते हैं। उन्होंने बालिकाओं को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक तौर पर सशक्त होने के लिए जागरूक किया। सीएमओ ने जनपद में लिंगानुपात में लगातार हो रहे सुधार पर खुशी जाहिर की। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं पीसी-पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डा. ललित कुमार ने कहा बालिका दिवस जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम बालिकाओं के सशक्तीकरण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। यह अच्छा अवसर है जब हम अपनी बालिकाओं को सशक्त करने के लिए बुनियादी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, अवसर की समानता एवं समता आधारित भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने लिंगानुपात में सुधार होने पर खुशी जाहिर की और कहा- पीसीपीएनडीटी और समाज में आयी जागरूकता से यह संभव हो सका है। रैली में प्राइवेट अल्ट्रासाउंड, रोटरी हॉस्पिटल, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम व सीएमओ कार्यालय के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला में डा. कंचन माला, डा. नेहा गुप्ता, डा. अभिषेक, डा. रेखा, मोहंती डॉ. रक्षा गोस्वामी डा.अनु गुप्ता, डा. गार्गी शर्मा,डा. एके सिंह, डा शिवानी जैन,डा. वेदा रेड्डी, रीना खनन आदि चिकित्सकों ने भाग लिया ।




# प्रयागराज महापौर कप हॉकी टूर्नामेंट 2023-24 जो पड़िला हॉकी एकेडमी की बालिकाओं ने विजयश्री प्राप्त किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** पड़िला हॉकी एकेडमी फाफामऊ प्रयागराज के खेल मैदान पर खेलो प्रयागराज महापौर कप हॉकी टूर्नामेंट 2023-24 जो पड़िला हॉकी एकेडमी की बालिकाओं ने विजयश्री प्राप्त किया, एकेडमी द्वारा बच्चों को सम्मानित करने का आयोजन किया गया था आयोजन की मुख्य अतिथि श्रीमती पूजा श्रीवास्तव, शिक्षिका, समाजसेविका प्रयागराज एवं साथ मे अतिथि श्री अभिषेक श्रीवास्तव, प्रवर अधीक्षक डाकघर प्रयागराज मण्डल रहे, एकेडमी के बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि को बुके देय कर एवं अतिथि को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया मुख्य अतिथि महोदया हाथों द्वारा बच्चों को खेल किट दिया गया एवं सहयोग राशि स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करने हेतु एकेडमी के कोच को दिया. उन्होंने बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहाँ की बच्चों खूब अभ्यास करो खेल किसी को हारने की लिये हॉकी मत सीखो सब से बेहतरीन खिलाडी बनने के लिये अभ्यास करो आप सब से बेहतरीन होगे तो खेल मे हमेशा आप ही जीतोगे, स्पोर्ट्स मैन हमेशा अनुशासन मे रहता है आप लोग भी अनुशासन का पालन करो, खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना किया, प्रवर अधीक्षक डाकघर महोदय ने सभी को अच्छा खेल खेलने के लिये शुभकामनायें दिया बोले की एसे ही हमेशा हॉकी टूर्नामेंट जीत कर अपने एकेडमी और प्रयागराज का नाम रोशन करो भविष्य मे एकेडमी को हेल्प करने का आश्वासन भी दिया, पड़िला हॉकी एकेडमी के कोच दिनेश कुमार भारतीय द्वारा मुख्य अतिथि एक स्मृति- चिन्ह भेंट किया, एकेडमी के संरक्षक श्री राजेश वर्मा ने अपने उद्बोधन मे कहाँ की पड़िला हॉकी को शुरआत करें अभी मात्र दो वर्ष ही हुये है और एकेडमी के बच्चे अपनी पहचान हॉकी जगत मे बना रहे है मै उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ. कहते हुये कार्यक्रम मे आये हुये अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया.विजेता खिलाड़ियों के नाम संध्या भारतीय, रांची भारतीय,मानसी सरोज,मुस्कान यादव, श्री तिवारी, अवनि यादव, अन्तिमा, मानसी यादव, चांदनी, वर्तिका यादव, वर्षा यादव, कलश गौतम,संध्या गौतम,पार्वती मिश्रा, लक्ष्मी मिश्रा, राजरानी।



# उत्तर प्रदेश को प्रभु श्रीरामलला और भगवान श्रीकृष्ण जी की चरण रज से पावन हुई भक्ति, शक्ति और संस्कृति की धारा ने सदैव पोषित किया है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा ।** नोएडा उत्तर प्रदेश के जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने आज नोएडा हाट में अयोजित उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम का फीता काट व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभ आरंभ किया। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश का विकास हमारी प्राथमिकता है व उत्तर प्रदेश की विविध और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, विविधता और विकास की प्रशंसा एवं प्रचार करना है। कार्यक्रम के शुरुवाती क्षण में उत्तर प्रदेश के मा0 सम्मनित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाइव उद्बोधन सुना। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के विभिनन जिलों के शिल्पकारों, कलाकारों और उद्यमियों के ओडीओपी उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। धीरेंद्र सिंह ने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिकता की बात की। विधायक जी ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश सबसे पहले गौतम बुद्ध जी की कर्म स्थली रही है, उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे ज्यादा आबादी वाला राज्य है और इसका इतिहास, भूगोल, धर्म, भाषा, संगीत, कला, शिल्प, त्योहार, खाना और राजनीति बहुत ही विविध और रंगीन हैं। धीरेन्द्र सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक विरासत का गवाह है, उन्होंने अनेक पवित्र और प्राचीन तीर्थस्थलों का जिक्र किया, जिनमें अयोध्या, काशी, मथुरा, वृन्दावन, प्रयागराज, चित्रकूट, नैमिशारण्य, सरनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन स्थानों पर हिन्दू, बौद्ध, जैन, सिख, इस्लाम और अन्य धर्मों के अनुयायियों का आगमन होता है और इन स्थानों पर अनेक मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च, स्तूप, विहार और अशोक के स्तंभ हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ तो विश्व धरोहर सूची में भी शामिल हैं। धीरेंद्र सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब है, उन्होनें इसकी अनूठी और अमूल्य कलाकृतियों का भी वर्णन किया, जिनमें ताजमहल, आगरा का किला, फतेहपुर सीकरी, लखनऊ का बारा इमामबाड़ा, रामपुर का राजा महल, जौनपुर का अताला मस्जिद, वाराणसी का विश्वनाथ मंदिर, अयोध्या का राम जन्मभूमि मंदिर, मथुरा का कृष्ण जन्मभूमि मंदिर, वृन्दावन का प्रेम मंदिर, प्रयागराज का अकबर का किला, कानपुर का जामा मस्जिद, जहाँगीर का मकबरा, साहनी का हवेली आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इनके अलावा उत्तर प्रदेश की लोक कला, नृत्य, संगीत, साहित्य, भाषा और बोली भी इसकी सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं। उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश ने देश की सबसे बड़ी ऑफिस बिल्डिंग, सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, डिजिटल पेमेंट में टॉप पर गंगा की सफाई में अग्रणी, गांवों का विद्युतीकरण और अन्य कई योजनाओं के माध्यम से विकास की नई ऊंचाइयों को छूने का काम किया है, उत्तर प्रदेश एक विकास का राज्य है, जिसने अपने उत्पादन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेती, पर्यटन, उर्जा, संचार, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। उत्तर प्रदेश ने आर्थिक नियोजन की उपलब्धियों के लिए देश में पहली श्रेणी का स्थान प्राप्त किया है। धीरेन्द्र सिंह ने उत्तर प्रदेश के लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान का समर्थन करने और उत्तर प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों की मेहनत, उद्यमिता और नवाचार से उत्तर प्रदेश का विकास होगा और देश का विकास होगा। कार्यक्रम में उपस्थित केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभवानवित लाभाथिर्यों को प्रमाण पत्र व टूल किट वितरित किया। अंततः विधायक धीरेंद्र सिंह ने आम जन से कहा आइए हम सब मिलकर प्रण लेते है अपने राज्य के विकास के लिए एक नई संकल्पना करें। आइए हम सब मिलकर अपने राज्य के लिए एक नई जिम्मेदारी लें। आइए हम सब मिलकर अपने राज्य के लिए एक नई दिशा तय करें। आइए हम सब मिलकर अपने राज्य को एक नई पहचान दें।कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह , एमएलसी विधायक श्रीचंद शर्मा , नोएडा विधायक पंकज सिंह , जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मनोज गुप्ता , ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीईओ रवि कुमार , प्राधिकरण के अधिकारीगण एवं जनता जनार्दन उपस्थित रहे। उन्होंने भी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत की सराहना की और आत्मनिर्भर भारत के लिए अपना सहयोग दिया।







# ब्रम्हचारी कुटी में दीपावली मनाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा ।** नोएडा सेक्टर 82 स्थित प्राचीन तपोभूमि ब्रम्हचारी कूटी पर अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर मंदिर परिसर को दियों से सुसज्जित किया गया। इससे पहले सुंदर काण्ड का पाठ किया गया साथ ही मंदिर को फूलों से सजाया गया। इस अवसर पर महंत ओम भारती महाराज, विकास भारती, अनिल राय, राघवेंद्र दुबे, अशोक कुमार, मनोहर शास्त्री, अखिल पांडेय, सुमित तिवारी मौजूद रहे।

# महिला उन्नति संस्था ने हरौला प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नोएडा ।** नोएडा महिला उनन्त संस्था ने सेक्टर 5 हरौला प्राथमिक विद्यालय में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। जिला अध्यक्ष रेनू बाला शर्मा ने कहा बेटियों को बोझ समझना बंद कर देना चाहिए, बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है, उन्होंने बताया संस्था द्वारा ठमिशन बेटीठ अभियान चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत बेटियों के जीवन को उज्जवल बनाने के लिए शिक्षा, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह आदि विषय पर नुक्कड़ नाटक, गोष्टी, नारी चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वही नोएडा देहात अध्यक्ष पूजा अवाना ने कहां की लोगों को अपनी सोच में बदलाव लाने की आवश्यकता है लोगों को बेटी या बेटो में भेदभाव ना करते हुए सभी को समान शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। अंत में बेटियों की सुरक्षा के लिए शपथ भी दिलाई गई, बेटियों पर एक रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता भी हुई । निबंध प्रतियोगिता में अव्वल रहे सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान समस्त शिक्षक एवं संस्था के सदस्य मौजूद रहे ।

# अपर जिलाधिकारी ने धान खरीद की समीक्षा बैठक कर प्रगति के बारे में ली जानकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** 24 जनवरी 2024- अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शिव प्रताप शुक्ल द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में क्रय केन्द्रों पर सर्वाधिक अवषेश धान तथा सबसे कम सी0एम0आर0 सम्प्रदान के लिये श्री बी0के पटेल, स्थित सहकारिता समितियों के क्रय केन्द्रों पर अवशेष धान के स्टाक का सत्यापन करते हुये सत्यापन आख्या दिनांक 29.01.2024 को जिला खाद्य विपणन अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करायेंगे। अपेक्षित प्रगति न होने पर सम्बन्धित जिला प्रबन्धकों



जिला प्रबन्धक, पी0सी0यू0 को तथा सर्वाधिक लम्बित भुगतान और खराब सी0एम0आर0 सम्प्रदान के लिये श्री विजय कुशवाहा, जिला प्रबन्धक, यू0पी0एस0एस0 को कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुये सम्बन्धित संस्थाओं के प्रबन्ध निदेशक को भी सूचित करने का निर्देश दिया गया। यह भी निर्देशित किया गया कि पी0सी0यू0 और यू0पी0एस0एस0 के जिला प्रबन्धक तथा सभी ए0डी0सी0ओ0 प्रतिदिन अवशेष धान के प्रेषण, सी0एम0आर0 सम्प्रदान तथा लम्बित भुगतान की दैनिक प्रगति के सम्बन्ध में जिला खाद्य विपणन अधिकारी को अवगत करायेंगे। सभी ए0डी0सी0ओ0 और ए0डी0ओ0 अपने विकास खण्ड एवं तहसील क्षेत्र में के साथ-साथ सहकारिता विभाग के अधिकारियों के विरूद्ध भी कार्यवाही प्रस्तावित की जाये। बैठक में एक बार पुनः अनुपस्थित रहने पर क्षेत्र प्रबन्धक श्री वृजेश कुमार, राज्य भण्डार निगम के विरूद्ध कार्यवाही हेतु प्रबन्ध निदेशक, राज्य भण्डार निगम को पत्र प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित भारतीय खाद्य निगम के प्रबन्धक डिपो श्री मंजर फारूक द्वारा अवगत कराया गया कि क्षेत्र प्रबन्धक, एस0डब्लू0सी0 द्वारा डिपो पर सक्षम अधिकारियों की तैनाती न करने के कारण सी0एम0आर0 प्राप्ति का कार्य गम्भीर रूप से प्रभावित हो रहा है। डिप्टी आर0एम0ओ0 धनंजय सिंह ने अपर जिलाधिकारी को जानकारी देते हुये बताया कि धान खरीद वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत दिनांक 24.01.2024 तक 18,802 किसानों से 1,15,517.07 मी0टन की खरीद की गयी है, जो लक्ष्य के सापेक्ष 57.76 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, पिछले कई सप्ताह से लगातार खराब मौसम की वजह से धान और चावल की नमी बढ़ने के कारण दैनिक खरीद में कमी आयी है, जिसमें मौसम साफ होने के पश्चात् पुनः आवक बढ़ने की सम्भावना है। किसान भाइयों को आस्वत किया जाता है कि खरीद 29 फरवरी, 2024 तक शासन के निर्देशानुसार की जायेगी, इसलिए मौसम साफ होने पर वे अपना धान क्रय केन्द्रों पर विक्रय हेतु ले आये। इसका सुगमतापूर्वक क्रय एवं भुगतान किया जायेगा। खरीद के सापेक्ष देय भुगतान का 25,217.38 लाख के सापेक्ष 23,696.05 लाख का भुगतान किया गया है जो 93.97 प्रतिशत है। 1,521.33 लाख का भुगतान शेष है जो पी0एफ0एम0एस0 की स्वचालित ऑनलाईन प्रक्रिया के अधीन है, संस्थाओं के पास पर्याप्त धनराशि भुगतान हेतु उपलब्ध है। सबसे खराब भुगतान के लिये जिला प्रबन्धक, यू0पी0एस0एस0 को कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया है। कुल खरीद 1,15,517.07 मी0टन के सापेक्ष मिलों को धान का प्रेषण 1,01,222.56 मी0टन किया गया है जो कुल खरीद का 87.63 प्रतिशत है। धान ढुलाई के लिए कुल 161 जी0पी0एस0 युक्त ट्रकों का प्रयोग और इनकी ऑनलाईन निगरानी की जा रही है। इसमें सर्वाधिक असंतोषजनक स्थिति पी0सी0यू0 और यू0पी0एस0एस0 के क्रय केन्द्रों पर पायी गयी। जिसके लिये दोनों संस्थाओं के जिला प्रबन्धकों तथा सम्बन्धित ए0डी0सी0ओ0 को सचेत करते हुये इसका कड़ाई से अनुपालन किये जाने का निर्देश दिया गया। एम0आर0 सम्प्रदान देय सी0एम0आर0 68497.30 मी0टन मात्रा के सापेक्ष जनपद में 54,752.00 मी0 टन का सम्प्रदान भारतीय खाद्य निगम में किया जा चुका है जो 79.93 प्रतिशत है। बोरों की उपलब्धता पी0सी0एफ0 संस्था को 300 गांठ (400500 2,00,000), पी0सी0यू0 को 548 गांठ (548500 2,74,000) यू0पी0एस0एस0 को 365 गांठ (365500 182500) एवं मण्डी समिति के पास 23 गांठ (23500 11,500) बोरा जनपद के बफर गोदाम से निर्गत किया गया है। इसके अतिरिक्त संस्थाओं द्वारा धान खरीद 50 प्रतिशत हेतु उपयोगी बोरों की व्यवस्था उपने स्तर से की जा रही है। अबतक कुल 28,87,926 उपयोगी बोरे संस्थाओं द्वारा अपने केन्द्रों पर उपलब्ध कराये गये हैं। दिनांक 25.01.2024 को जनपद में 3000 गांठ (3000500 15,00,000) की रैक प्राप्त हो रही है, जो खरीद हेतु पर्याप्त है। जनपद में कुल 30054 किसानों धान विक्रय हेतु पंजीकरण कराया गया है जिसके सापेक्ष कुल 27274 पंजीकरण सत्यापित किया गया है। तहसील लालगंज में कुल 9668 पंजीकरण, तहसील सदर में 6237 पंजीकरण, तहसील चुनार में 9935 पंजीकरण एवं तहसील मड़िहान में 4214 पंजीकरण सत्यापन किया जा चुका है। बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी धनन्जय सिंह, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता विपिन कुमार सिंह, सचिव मण्डी समिति सहित सभी क्रय एजेन्सियों के जनपदीय प्रभारी एवं समस्त ए0डी0सी0ओ0 उपस्थित रहें।

# देश में सर्वाधिक एक्सप्रेस वे उत्तर प्रदेश में हैं, विकास का नया मॉडल बनकर उभरा है यूपीः अनुप्रिया पटेल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज महुवरिया में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल रही कार्यक्रम का समय 4:00 शाम से किया गया था, उक्त कार्यक्रम में एमएलसी विनीत सिंह, विधायक मझवा विनोद बिंद समय से पहुंचकर अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई काफी देर तक मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री का इंतजार करने के बाद वह कार्यक्रम को बीच में छोड़कर चले भी गए मुख्य अतिथि का आगमन लगभग 2 घंटे बाद हुआ इतनी कड़ाके की ठंड में जनता अपना सीट छोड़कर चली गई कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने दीप प्रज्वलित कर की आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागो की जन कल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित प्रदर्शनी/स्टाल का आयोजन किया गया, प्रदर्शनी में एक जनपद एक उत्पाद, एन0आर0एल0एम0 की महिलाओं के द्वारा बनाये गये विभिन्न उत्पादो, खादीग्रामोद्योग, आई0सी0डी0एस0, कृषि विभाग, सूचना विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, उद्यान विभाग सहित इअन्य विभागो की प्रदर्शनी लगायी गयी जो जनपदवासियों के लिये आकर्षक का केन्द्र बना रहा। इसके पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ने भी अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे मे जानकारी दी तथा मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार द्वारा सभी अतिथियो का स्वागत अभिनन्दन करते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में आर्यकन्या इण्टर कालेज, सुन्दर मुन्दर इण्टर कालेज व काशीराम बालिका इण्टर कालेज की छात्र-छात्राओं के द्वारा सरस्वती वन्दना स्वागत गीत एवं लोक गायक शिव लाल गुप्ता व उनकी टीम के द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित अनेक गीत सुनाकर उत्तर प्रदेश दिवस में उपस्थित लोगो को मंत्र मुग्ध किया गया। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने अपने भाषण में कहा कि मोदी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर का बनाएंगे तो योगी ने कहा कि उसमें एक ट्रिलियन डॉलर का योगदान उत्तर प्रदेश का होगा, ये केवल घोषणा नहीं है। उत्तर प्रदेश इस रास्ते पर काफी आगे बढ़ चुका है। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में 10 वें नम्बर पर थी, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था 5 वें नम्बर पर आ गई है और आने वाले समय में इसे तीसरे नम्बर पर लाना है। देश की इस अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश का प्रमुख योगदान है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश पूरे देश में विकास का एक मॉडल बन कर उभरा है। आज उत्तर प्रदेश में आधार भूत संरचनाओं का तेजी से निर्माण हो रहा है। उत्तर प्रदेश देश का ऐसा राज्य है, जहाँ सर्वाधिक एक्सप्रेस वे हैं। यहाँ इंटरनेशनल एयरपोर्ट, डोमेस्टिक एयरपोर्ट की संख्या में वृद्धि हुई है। सड़क, हाईवे, बिजली, इंटरनेट कनेक्टिविटी का विस्तार हुआ है। कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। इसलिए यहाँ पर बड़े निवेशक आ रहे हैं। आज प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। प्रदेश में सांस्कृतिक धरोहरों को संजाने संवारने का काम हो रहा है। इस दौरान गरिमामय उपस्थिति में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजभूषण सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, प्रदेश सचिव रामवृक्ष बिंद, जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह, जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा राजकुमार विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष मनीष गुप्ता, सभासद नीरज सहित मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, एडीएम वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ला, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 अजय प्रताप सिंह, उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 अनय मिश्र, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, उपायुक्त कमनेरगा मो0 नफीस, उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेश सिंह, जिला उद्यान अधिकारी मेवा राम, क्वार्डिनेटर विनोद श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, प्रतिभा श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहें।

# कोहरे का कहर चोरो कि राते हुई रंगीन आठ घर से उडाया एक साथ लाखो का माल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** करमा थाना अंतर्गत कई घरों को चोरों ने बनाया निशाना ठंड पाण्डेय, मनोज चौबे, छब्बी, मंगरु,कैलास के घरों में घुस कर चोरी की घटना को अंजाम दिया।



बढ़ते ही चोरों की सक्रियता भी बढ़ गयी है। करमा थाना क्षेत्र में एक ही रात आठ घरों में घुसकर चोरों ने लाखो के माल पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना के बाद जहां ग्रामीणों में दहशत है वहीं पुलिस की गश्त पर भी सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं। इसके पूर्व में मदैनिया गाव पोस्ट मास्टर के घर हुई चोरी में आज तक नही हो पाया खुलासा जिसमे सीएम पोर्टल पर दर्ज कराया गया था थाने की पुलिस के जांच में ये रिपोर्ट लगा कि चोरी ही नही हुई है।उसके बाद मंगलवार की बीती रात में फिर से धावा बोल दिया जिसमें फूल का बर्तन समेत ज्वैलरी भी उठा ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार करमा गांव में बीती रात चोरों ने विनोद वहीं भरकवाह में लालचंद, व दारा पटेल घरों पर भी चोरों ने धावा बोल लाखो के जेवरात व कीमती बर्तन तक उठा ले गए। चोरी की इस तरह की घटना से क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया है। सुबह सूचना के बाद घटना स्थल पर मय फ़ोर्स पहुँचे थानाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह ने चोरी की घटना का स्थलीय निरीक्षण किया और घटना के बाबत उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। एडिशनल एसपी, सीओ घोरावल व एसओजी की टीम द्वारा घटना स्थल पर पहुँचकर मौका मुआयना किया गया और पुलिस चोरों का सुराग लगाने में जुट गयी है। इतनी बड़ी चोरी की घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

# डी ए वी पब्लिक स्कूल खडिया में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**शक्तिनगर/सोनभद्र।** डी ए वी पब्लिक स्कूल खडिया में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गयात् सर्वप्रथम प्रार्थना सभा में कक्षा 11 वीं की छात्रा दृष्टि मौर्या ने मतदान शपथ पढ़कर सभी को सक्रिय भूमिका निभाता है वही बिना समझे बूझे किया गया मतदान विकास में अवरोध बन जाता हैत् साथ ही साथ उन्होंने सभी से निवेदन किया कि छोटे-बड़े सभी मतदान के अवसरों पर सभी मतदाता घरों से बाहर निकल कर आए और उचित व्यक्तित्व का




मतदान शपथ दिलाते हुए मतदान के अधिकार एवं कर्तव्य का बोध कराया त इतिहास शिक्षक अनिल कुमार ने लोकतंत्र, मतदाता एवं मतदान के विषय में लोगों को भली भाँति अवगत कराया तउन्होंने बताया कि विश्व के कई ऐसे देश जिन्होंने सर्वप्रथम पुरुष वर्ग को मतदान का अधिकार प्रदान किया तदुपरांत महिलाओं के लंबे संघर्ष के बाद वहां की महिलाओं को मतदान का अधिकार प्रदान किया गया त्लेकिन भारत विश्व का एक ऐसा लोकतांत्रिक देश है जिसने एक साथ महिला पुरुष को मतदान का अधिकार प्रदान कर अपनी सूझबूझ एवं गौरव का परिचय दियाले विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संध्या एल पांडे जी ने अपने संबोधन में बताया कि सभी को अपने मतदान के महत्व को समझना चाहिए तएक सही दिशा में किया गया मतदान जहां चयन कर मतदान प्रक्रिया को सफल बनाएंत् इस अवसर पर छात्रों की एक रैली भी निकाली गई त्जिसका शुभारंभ प्राचार्या महोदया ने स्वयं कर सभी को दिशा निर्देशित किया त्इस रैली के माध्यम से जहां कॉलोनी परिसर में सभी को मतदान के महत्व से अवगत कराया गया वहीं ( भारत भाग्य विधाता हूं, अब तो मैं मतदाता हूं) (प्रजातंत्र से नाता है, भारत के मतदाता हैं) नारों से वातावरण गुंजायमान हुआ त्तदुपरान्त महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के लिए सदैव तत्पर संजीवनी महिला समिति खडिया परियोजना की अध्यक्षता श्रीमती पूनम झा एवं उनके सहकर्मियों ने विद्यालय को एक बुक सेल्फ उपहार में प्रदान कर शैक्षणिक गतिविधियों में सहयोग प्रदान कर विद्यालय विकास मे अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह दिनांक 24 को पटेहरा व 27 जनवरी को हलिया में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** मीरजापुर 23 जनवरी 2024- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आगामी 24 जनवरी 2024 को पटेहरा विकास खण्ड के अन्तर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय के खेल मैदान पटेहरा कला मीरजापुर में विकास खण्ड पटेहरा, राजगढ़, नरायनपुर, जमालपुर, सीखड़, पहाड़ी, सिटी, कोन, मझवा, नगर पालिका परिषद मीरजापुर, चुनार, अहरौरा एवं नगर पंचायत कछवॉ के जोड़ो के विवाह दोपहर 02 बजे से होना सुनिश्चित है। इसके अतिरिक्त दिनांक 27 जनवरी 2024 दिन शनिवार को दोपहर दो बजे से पंचशील महाविद्यालय मवई कला हलिया मीरजापुर प्रांगण में विकास खण्ड हलिया, लालगंज एवं छानबे के जोड़ो के विवाह का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया हैं।

# जी0आई0सी0 ग्राउंड में मनाया जायेगा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** मीरजापुर, 23 जनवरी 2024- शासन के निर्देश के क्रम में कल दिनांक 24 जनवरी 2024 को जी0आई0सी0 ग्राउंड महुवरिया मीरजापुर में सायं 04 बजे से उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाया जा रहा हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुप्रिया पटेल केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री भारत सरकार के अलावा विशिष्ट अतिथि आशीष पटेल कैबिनेट मंत्री प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले बाट माप के अलावा जनपद के सांसद राज्यसभा, विधायकगण, सदस्य विधान परिषद के अलावा अन्य जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न जन कल्याणकारी विभागो के द्वारा अपने विभागो से सम्बन्धित प्रदर्शनी लगायी जायेगी इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

# घंटाघर के सौंदर्यीकरण के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** मीरजापुर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज नगर पालिका परिषद के सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर घंटाघर के संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण कराने के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल एवं नगर पालिका के अधिकारियों के साथ घंटाघर पहुँचकर निरीक्षण किया। घंटाघर के टाउन हाल में साफ सफाई क राने के साथ ही प्रत्येक गेट पर टूटे हुये पत्थरो के मरम्मत तथा बागवानी कराने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि इस ऐतिहासिक इमारत के मरम्त के लिये प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत कि या जाय ताकि इसका संरक्षण किया जा सकें। घंटाघर के आस पास के अतिक्रमण को भी हटाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल उपस्थित रहें।

# हत्या के दोषी प्रमोद यादव को 10 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** तीन वर्ष पूर्व हुए श्री यादव हत्याकांड के मामले में मंगलवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एहसानुल्लाह खां की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी प्रमोद यादव को 10 वर्ष की कैद व 76 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं तीन अन्य दोषियों को दो - दो नौ बजे रात को गांव के प्रमोद यादव, बद्री यादव , हीरा यादव और राजू यादव लाठी डंडा लेकर उसके दरवाजे पर आ गए। आते ही गाली देते हुए मारने लगे। प्रमोद यादव ने उसके पिता को बेरहमी से मारपीट दिया। जिनके सिर में गंभीर चोट आई। दवा इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। लाश जिला अस्पताल में पड़ी है। आवश्यक



वर्ष की कैद एवं 6-6 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर तीन -तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक श्यामू यादव पुत्र स्वर्गीय श्री यादव निवासी निपराज, थाना राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने एक दिसंबर 2020 को थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि दोपहर दो बजे भैंस चराने उसकी चाची सुशीला अपने बेटे चंद्रबली के साथ मिल की तरफ जा रही थी। तभी उनका लड़का प्रमोद यादव के खलिहान में चला गया। इसी बात को लेकर प्रमोद यादव नाराज हो गया और गाली देने लगा। उस समय घर पर वह मौजूद नहीं था। जब शाम को पिता जी घर आए तो उसकी चाची ने सारी बात बताई। पिता जी ने कहा कि सुबह बात करेंगे। करीब साढ़े कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया। मामले की विवेचना करते हुए विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी प्रमोद यादव को 10 वर्ष की कैद व 76 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं तीन दोषियों बद्री यादव, हीरा यादव और राजू यादव को दो दो वर्ष की कैद और 6 - 6 हजार की कैद। अर्थदंड न देने पर तीन तीन माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

# जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड सहित विकास कायी एवं राजस्व वसूली, कर करेत्तर प्रगति कार्य की समीक्षा कर दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** मीरजापुर, 23 जनवरी 2024- मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास प्राथमिकता की माह दिसम्बर 2023 की प्रगति एवं प्राप्त श्रेणी की समीक्षा आज जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा समस्त जनपद स्तरीय विकास से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी गौवंश सड़को पर या इधर उधर विचरण करते हुये न दिखे और उन्हे पकड़कर गौशालाओं में रखा जाय तथा प्रत्येक गौशालाओं में ठंड से बचाव के लिये तिरपाल, छाया, अलाव आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड क्षेत्रान्तर्गत अस्थायी गौशालाओं के लिये उप जिलाधिकारी से सम्पर्क बनाते हुये जमीन का चिन्हाकंन कर लें तथा




जहां पर जमीन की उपलब्धता हो गयी है वहां तत्काल निर्माण कार्य पूर्ण करते हुये अस्थायी गौशाले का संचालन सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि जहां पर पर्याप्त जमीन मिल जाय तो अस्थायी गौशाला के प्रस्ताव प्रस्तुत करें। बड़े विकास खण्डो में कम से कम 08 गौशाला अवश्य होना चाहियें। प्रत्येक विकास खण्डवार गौशालाओ के निर्माण स्थिति के बारे में जानकारी भी ली। मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने सुझाव दिया कि जिन गौशालाओं में पशु क्षमता से अधिक है वहां पर ऐसे गौशालाओ में क्षमता से कम पशु है वहां पर भेजा जाय। समस्त पशुओ का शत प्रतिशत जियो टैंगिग व स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित कराया जाय। जिलाधिकारी ने स्कूलो में बाउंड्रीवाल न हो उन्हे चिन्हित कर तत्काल प्रस्ताव बनाकर भेजा जाये। एम0डी0एम0 की भी समीक्षा की गयी। स्वास्थ्य विभाग, मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण एवं बेसिक शिक्ष, पंचायती राज विभाग, उद्योग विभाग के खराब रैंकिंग पर कडी नाराजगी व्यक्त करते हुयेक अगले माह बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रगति किस प्रकार से बढ़ायी जाय कायर्योजना तैयार कर सुधार लाना सुनिश्चित करें ताकि प्रदेश में जनपद की रैंक की अच्छी स्थिति आ सके। बैठक में अवस्थाना औद्योगिक विकास, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं शहरी, दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण व शहरी, कृषि ग्राम्य विकास, एन0आर0एल0एम0, मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, सड़क निर्माण, चिकित्सा स्वास्थ्य, सिचाई, बाल विकास परियोजना सहित अन्य सभी विभागो की बिन्दुवार समीक्षा की गयी तथा प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। राजस्व कायी की की गयी समीक्षा जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज जनपद में राजस्व कायी कर करेत्तर एवं मुख्य देय के वसूली के साथ ही विभिनन न्यायालयो में वादो के निस्तारण के प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में धारा-34 के मुकदमो पर कायर्योजना बनाकर निस्तारण के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी तहसीलो में डिजिटली परवाना जारी करना सुनिश्चित करते हुये अवगत करायें। सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि विभिनन मदो में वसूली की प्रगति बढ़ाने के लिये अमीनवार साप्ताहिक समीक्षा करे तथा प्रत्येक 15 दिवस पर अपर जिलाधिकारी जूम के द्वारा भी अमीनवार प्रगति की समीक्षा करे। उन्होने कहा कि लेखपालो के कार्य बटवारा प्रत्येक लेखपाल को बराबर गांव आवंटित कर कार्य दिया जाय तथा ग्राम पंचायत भवनो में लेखपाल को बैठाना सुनिश्चित करे भवन पर लेखपाल का नाम व मोबाइल नम्बर भी अंकित किया जाय। बैठक में अंश निर्धारण, स्वामित्व घरौनी तथा स्टाम्प की प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया गया। अंश निर्धारण में सबसे खराब प्रगति पर उप जिलाधिकारी लालगंज व सदर को शो-काज नोटिस भी जारी करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ही पोर्टल पर मान्य है जो भी प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करे तथा किसी भी विभाग में डिफाल्टर होने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद, उप जिलाधिकारी सदर आसाराम वर्मा, चुनार चन्द्रभानु सिंह, मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, लालगंज भरत लाल सरोज, उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 अनय मिश्र, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, उपायुक्त मनरेगा मो0 नफीस, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी सहित सभी विभागो के सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के अध्यक्ष पद पर श्याम बिहारी यादव एड व महामत्री मो सलीम कुरैशी निर्वाचित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** बुधवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के वार्षिक चुनाव में पीमुख्य चुनाव अधिकारी हीरालाल पटेल एडवोकेट एवम् उप मुख्य चुनाव अधिकारी धनंजय कुमार मौर्य एडवोकेट की देखरेख में सम्पन्न हुई



मतगणना के समय एल्डर कमेटी के चेयरमैन अशोक कुमार जालान एड उपस्थित रहे ! सहायक चुनाव अधिकारी पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि अध्यक्ष पद पर श्याम बिहारी यादव एड ने जीत दर्ज की है। कुल 251 मत में 118 पाकर उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अंशुमान सिंह एड को 85 मतों से हराया। महामंत्री सलीम कुरैशी एड को 127 मत एवम् राजेंद्र कुमार यादव एड को 122 मिला इस तरह मो सलीम कुरैशी एड 05 मत से जीत दर्ज. की, कोषाध्यक्ष पद पर कमलेश कुमार सिंह एड को 114 मत एवम् विरेंद्र कुमार राव एड को 112 मत मिला इस तरह कमलेश कुमार सिंह ने 20 मतों से जीत दर्ज किया ! इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0 अतुल प्रताप सिंह एड, उपाध्यक्ष (10 वर्ष से अधिक) गंगेश्वर प्रसाद सिंह एड और संजय कुमार गोयल एड, उपाध्यक्ष (10 वर्ष से नीचे) अनिल कुमार एड व हरिद्वार एड, सचिव प्रशासन द्वारिका नाथ नागर एड सचिव प्रशासन अनुपम सिंह एड व सचिन पुस्तकालय संतोष कुमार पांडेय एड, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से ऊपर श्री हरि प्रसाद यादव एड, राजेश कुमार यादव एड, रमेश चंद्र सिंह एड, सरिता गिरी एड, विजय बहादुर सिंह एड एवं चतुर्भुज शर्मा कार्यकारी सदस्य 15 वर्ष से नीचे अनूप कुमार शुक्ला एड, राम प्रकाश सिंह एड, रियाजुद्दीन एड, सुमन एड, संजय कुमार एड एवं संदीप कुमार एड निर्विरोध निर्वाचित हुए। बार चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान हुआ था। इसमें 376 मत में से 251वोट पड़े थे, जबकि इससे पूर्व 22 जनवरी को 2 अधिवक्ताओं ने टेंडर वोट दिया था। बुद्धवार को मतों की गिनती शुरू होने पर प्रत्येक राउंड 50-50 के पांच राउंड में कुल 251 मतों की गिनती हुई !एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन अशोक कुमार जालान एड द्वारा शाम को चुनाव परिणाम घोषित होते ही निर्वाचित पदाधिकारी व उनके समर्थक नगाड़े की थाप पर झूमने लगे और निर्वाचित पदाधिकारियों को फूलों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। एक-दूसरे को बधाई दिए जाने का दौर शुरू हो गया और सभी जश्न मे डूब गये!

28.01.2024.pmd 6 1/27/2024, 5:46 PM

# रिंकू सिंह बड़ी परीक्षा में हुए फेल, सरफराज खान और देवदत्त पडिक्कल ने शतक जड़कर लूट ली महफिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम जहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है, तो वहीं, भारत ए टीम का आगाज किया। मैच में देवदत्त पडिक्कल और सरफराज खान का बल्ला जमकर गरजा। दोनों के बल्ले से दमदार शतक निकला। वहीं, टीम को भी अपना शिकार बनाया। टी20आई करियर में शानदार शुरुआत करने वाले टीम इंडिया के नए स्टार रिंकू सिंह इंग्लैंड लायंस के



और इंग्लैंड के बीच दूसरा अनौपचारिक टेस्ट खेला जा रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम जहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है तो वहीं भारत ए टीम और इंग्लैंड के बीच दूसरा अनौपचारिक टेस्ट खेला जा रहा है। इस टेस्ट के पहले दिन के खेल में इंग्लैंड टीम बैटिंग करते हुए 152 रन पर ढेर हो गई थी। इसके जवाब में इंडिया-ए टीम की शुरुआत शानदार रही। अभिमन्यु ईश्वरन और देवदत्त ने पारी का आगाज किया। इस टेस्ट के पहले दिन के खेल में इंग्लैंड टीम बैटिंग करते हुए 152 रन पर ढेर हो गई थी। इसके जवाब में इंडिया-ए टीम की शुरुआत शानदार रही। अभिमन्यु ईश्वरन और देवदत्त ने पारी इंडिया के स्टार रिंकू सिंह के हाथ निराशा लगी। रिंकू बिना खाता खोले ही आउट हुए। दरअसल, इंग्लैंड लायंस दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में 52.4 ओवर 152 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके बाद अहमदाबाद में खेले जा रहे दूसरे दिन के खेल में भारत-ए टीम के बैटर्स बैटिंग करने आए। कप्तान अभिन्यु ईश्वरन और देवदत्त पडिक्कल ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी हुई। ईश्वरन ने 108 गेंदों का सामना करते हुए 58 रन बनाए, जिसमें 7 चौके शामिल रहे, लेकिन 37वें ओवर में ईश्वरन मैथ्यू के हाथों आउट हुए। उनके अलावा मैथ्यू पोट ने तिलक वर्मा खिलाफ बल्ले से कमाल करने में नाकाम रहे। दूसरे दिन के खेल में रिंकू सिंह बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटे। बता दें कि बीसीसीआई ने रिंकू सिंह को आखिरी मिनट पर दूसरे टेस्ट के लिए भारत-ए टीम से जोड़ा था। बता दें कि रिंकू से विकेट के बाद सरफराज खान ने शानदान शतक जमाया। उन्होंने अपने करियर की 14वीं फर्स्ट क्लास सेंचुरी जमाई। मुंबई के बल्लेबाज ने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों को जमकर परेशान किया और काफी कम समय में शतक जमाया। वॉशिंगटन सुंदर के सा थ सरफराज ने 169 रन की पार्टनरशिप बनाई। सुंदर ने 132 गेंदों का सामना करते हुए 57 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 6 सिक्स लगाए।

# कुलदीप यादव की जगह पहले टेस्ट में अक्षर पटेल को क्यों चुना गया कप्तान रोहित शर्मा ने किया चौंकाने वाला खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट हैदराबाद में खेला जा रहा है। इस टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने प्लेइंग-11 का एलान करते हुए ये बताया कि



इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए थर्ड स्पिनर को चुनने में काफी मुश्किल का सामना हुआ। हालांकि, कप्तान रोहित ने प्लेइंग-11 में कुलदीप यादव की जगह अक्षर पटेल को मौका दिया। उन्होंने प्लेइंग-11 का एलान करते वक्ता इस फैसला की वजह भी बताई। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट हैदराबाद में खेला जा रहा है। इस टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने प्लेइंग-11 का एलान करते हुए ये बताया कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए थर्ड स्पिनर को चुनने में काफी मुश्किल का सामना हुआ। दरअसल, भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने प्लेइंग-11 के दौरान बताया कि हम तीन स्पिनर और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतर रहे हैं। कुलदीप की जगह अक्षर को मौका देने का फैसला काफी कठिन था। अक्षर जब भी बल्लेबाजी करता है तो वह बल्ले से अहम योगदान देता है। वह परिस्थितियों में अच्छी बल्लेबाजी करता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बल्ले से स्कोर बनाया था। यही वजह है जिसकी वजह से हमने कुलदीप यादव की जगह अक्षर को चुना। वहीं, इंग्लैंड ने अपने सबसे सफल तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को इस प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया है। मेहमान टीम की ओर से टॉम हार्टले अपना डेब्यू कर रहे हैं। बता दें कि अक्षर पटेल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी के 32वें ओवर की चौथी गेंद पर जॉनी बेयरस्टो को ऐसी गेंद डाली, जिसपर बल्लेबाज कोई शॉट नहीं जड़ सका। इस दौरान जॉनी अच्छी लय में थे, लेकिन अक्षर ने उन्हें क्लीन बोल्ड किया। इस दौरान बल्लेबाज भी खुद के विकेट पर हक्का-बक्का रह गया। जॉनी ने पहली पारी में 37 रन बनाए। रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, रवींद्र जडेजा, केएस भरत, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह।

# लुब्बे और डेन विलास की आंधी में उड़ी जॉबर्ग सुपर किंग्स रीजा हेंड्रिक्स की पारी गई बेकार,पार्ल रॉयल्स ने चखा जीत का स्वाद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** एसए20 में जॉबर्ग सुपर किंग्स बनाम पार्ल रॉयल्स का मुकाबला हुआ। पार्ल रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला उतरी सुपर किंग्स की शुरुआत ठीक रही। टीम ने 23 रन पर अपना पहला विकेट गंवाया। टीम के लिए रीजा हेंड्रिक्स ने सबसे ज्यादा 79 रन बनाए। हेंड्रिक्स ने 56 गेंदों में 7 चौके रॉयल्स की ओर से जेसन रॉय और जोस बटलर ने पारी का आगाज किया। टीम की शुरुआत खराब रही और 10 रन पर टीम जेसन रॉय के रूप में पहला विकेट



किया। सुपर किंग्स ने 20 ओवर में 3 विकेट गंवाकर 168 रन बनाए। एसए20 में जॉबर्ग सुपर किंग्स बनाम पार्ल रॉयल्स का मुकाबला हुआ। पार्ल रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट गंवाकर 168 रन बनाए। रॉयल्स ने 19 ओवर में 5 विकेट 171 रन बनाते हुए 5 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। रीजा हेंड्रिक्स प्लेयर ऑफ द मैच रहे। जवाब में रॉयल्स ने 19 ओवर में 5 विकेट गंवाकर 171 रन बनाते हुए 5 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने और 3 छक्के लगाकर 141.07 के स्ट्राइक रेट से 79 रन की पारी खेली। हेंड्रिक्स ने मोईन अली श्दार्ह्ंत्ग् के सात मिलकर चौथे विकेट के लिए 27 गेंदों में नाबाद 62 रन की पारी खेली। इसके अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 17 रन बनाए। ल्यूस डु प्लॉय ने 16 गेंदों में 30 रन की पारी खेली। सिबोनेलो मखान्या ने 15 रन बनाए। साथ ही मोईन अली ने 30 रन बनाए। रॉयल्स के लिए लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो और फैबियन एलन ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। जीत के लिए 169 रनों का पीछा करने उतरी गंवा बैठी। टीम के लिए सबसे ज्यादा विहान लुब्बे ने 57 रन बनाए। लुब्बे ने डेन विलास के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए मैच विनिंग 53 गेंदों में 95 रन की पार्टनरशिप की।कप्तान बटलर ने 22 रन बनाए। डेन विलास 42 रन पर आउट हो गए और अपना अर्धशतक बनाने से चूक गए। इसके अलावा बुरैन ने 7 रन बनाए। फैबियन एलन ने नाबाद 17 रन बनाए और मैच अपने नाम किया। मोईन अली ने 2 विकेट लिए। इमरान ताहिर और लिजाद विलियम्स ने 1 विकेट अपने नाम किया।

# अक्षर पटेल ने इंग्लैंड के टेस्ट कोच पर किया मजाक अपनी बॉलिंग रणनीति पर दी बड़ी जानकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल अपने सेंस ऑफ ह्यूमर के लिए जाने जाते हैं। मंगलवार को बीसीसीआई नमन अवॉर्ड्स के दौरान जब उनसे इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए उनकी योजनाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने एक और मजेदार लहजे में जवाब दिया। अक्षर पटेल को 2020-21 सीजन के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय डेब्यू (पुरुष) का पुरस्कार मिला। अक्षर पटेल ने टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइन-अप को कड़ी चुनौती दी थी। तीन मैचों में अक्षर ने सिर्फ 10.59 की औसत से 27 विकेट लिए और इस बार वह एक बार फिर दर्शकों के लिए खतरा होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ वह चार स्पिनर्स में से एक हैं। बता दें कि अक्षर पटेल को 2020-21 सीजन के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय डेब्यू (पुरुष) का पुरस्कार मिला। अक्षर पटेल ने टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइन-अप को कड़ी चुनौती दी थी। तीन मैचों में, अक्षर ने सिर्फ 10.59 की औसत से 27 विकेट लिए और इस बार वह एक बार फिर दर्शकों के लिए खतरा होंगे। अवॉर्ड वितरण के दौरान अक्षर पटेल ने मजाकिया ढंग से ब्रेंडन मैकुलम पर टिप्पणी की। अक्षर ने कहा कि एक बड़ा रहस्य है और वह इसके बारे में नहीं बोलेंगे क्योंकि, इंग्लैंड के टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम यहीं बैठे हुए हैं। अक्षर ने कहा ठयह रहस्य है। कुछ दिनों में सीरीज से पहले मैं अभी इसका खुलासा नहीं कर रहा हूं। आपने ही कहा था कि मैकुलम ध्यान दे रहे हैं।



# रवींद्र जडेजा ने जो रूट का शिकार करके इंटरनेशनल क्रिकेट में किया बड़ा कारनामा, इस विशेष क्लब का बने हिस्सा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबादमें खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने गेंद से बड़ा कमाल किया। रवींद्र जडेजा ने इंग्लिश टीम के दो बल्लेबाजों



को अपना शिकार बनाने के साथ ही एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। जडेजा 2 विकेट हासिल करते ही भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में 550 विकेट पूरे करने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय टीम के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा (न्र्ट्रैं) ने गेंद से बड़ा कमाल किया। रवींद्र जडेजा ने इंग्लिश टीम के दो बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाने के साथ ही एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। जडेजा 2 विकेट हासिल करते ही भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में 550 विकेट पूरे करने वाले सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। दरअसल, हैदराबाद में जारी के पहले टेस्ट की पहली पारी में भारतीय गेंदबाजों ने इंग?लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया है। इंग्लैंड टीम की तरफ से जैक और बेन डकेट ने पारी का आगाज किया। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई, लेकिन पारी के 12वें ओवर में अश्विन ने भारत को पहली सफलता दिलाई। बेन डकेट को 35 रन पर पवेलियन लौटना पड़ा। इसके बाद रवींद्र जडेजा ने गेंद से कहर बरपाया और ओली पोप को अपना शिकार बनाया। जडेजा के विकेट के साथ ही भारत को मजबूती मिली। जडेजा ने अपना दूसरा विकेट जो रूट के रूप में हासिल किया। जो रूट का विकेट लेते ही जडेजा ने एक खास मुकाम हासिल किया। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में दो विकेट हासिल करते ही जडेजा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 550 विकेट पूरे कर लिए। ऐसा करने वाले वह 7वें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। जडेजा ने इस दौरान अनिल कुंबले, कपिल देव, जहीर खान, हरभजन सिंह, आर अश्विन, जवलनाथ श्रीनथ के क्लब में एंट्री मारी। वहीं, खबर लिखें जाने तक इंग्लैंड टीम का स्कोर 200 रन के पार हो चुका है और इस दौरान इंग्लिश टीम ने 8 विकेट खो लिए हैं। आर अश्विन और रवींद्र जडेजा की जोड़ी भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली जोड़ी बन गई है। इस मामले में उन्होंने हरभजन सिंह और अनिल कुंबले की जोड़ी को पीछे छोड़ दिया है। 54 टेस्ट मैचों में अनिल कुंबले और हरभजन सिंह ने 501 टेस्ट विकेट लिए थे। अब अश्विन और जडेजा की जोड़ी इस रिकॉर्ड (502 विकेट) को तोड़कर आगे निकल गई है।

# हैदराबाद में दिखी विराट कोहली की गजब दीवनगी, मैदान पर गूंजे कोहली-कोहली के नारे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच हैदराबाद में पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट खेला जा रहा है। इस बीच भारतीय टीम के स्टार फॉलो किए जाने वाले एथलीट हैं। ऐसे में कोहली ख्द्प्त् की खास फैन फॉलोइंग देखते ही बनती है। देश या विदेश में कहीं पर भी कोहली खेल रहे हो वे भीड़ के हमेशा से पसंदीदा



बल्लेबाज विराट कोहली पहले दो टेस्ट के लिए टीम में मौजूद नहीं रहेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच हैदराबाद में पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट खेला जा रहा है। विराट कोहली पहले दो टेस्ट के लिए टीम में मौजूद नहीं रहेंगे। देश या विदेश में कहीं पर भी कोहली खेल रहे हो वे भीड़ के हमेशा से पसंदीदा बल्लेबाज हैं। अब हैदराबाद में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। बीसीसीआई ने जानकारी दी कि कोहली ने कप्तान रोहित शर्मा दपू र्प्ि और टीम मैनेजमेंट से बात करने के बाद यह फैसला लिया। कोहली निजी कारणों की वजह से पहले दो मैचों से दूर रहेंगे। कोहली की एक खास फैन फॉलोइंग है। कोहली इंस्टाग्राम पर दूसरे सबसे ज्यादा बल्लेबाज हैं। अब हैदराबाद में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। हैदराबाद में फैंस ने कोहली को काफी याद किया। पहले मैच में मौजूद न होने के बाद भी मैदान पर जमकर कोहली के नाम के नारे लगे। कोहली को फैंस हमेशा से ही प्यार और समर्थन देते हैं। बदले में कोहली में अपनी ओर से सिर्फ बल्ले से नहीं बल्कि किसी खास गाने पर डांस करके भी फैंस का मनोरंजन करते हैं। मैच की बात करें तो पहली पारी भारतीय स्पिनर पूरी तरह से इंग्लिश बल्लेबाजों पर भारी रहे। अश्विन-जडेजा की जोड़ी ने मिलकर इंग्लैंड के 6 विकेट चटकाए। इसके अलावा अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। इंग्लैंड की पहली पारी 246 रन पर समाप्त हुई है।

# रणजी में दिल्ली पर भेदभाव का आरोप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की स्थिति इतनी खराब रही है कि टीम पांच बार 200 का आंकड़ा भी नहीं छू सकी है। टीम की तरफ से उच्चतम व्यक्तिगत पारी 49 रन की रही है जो वैभव कांडपाल ने पिछले मैच में बनाए थे। वहीं, उत्तराखंड के खिलाफ यश धुल ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए। भारत के प्रतिष्ठित घरेलू टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी में एक शर्मनाक घटना घटी है। दिल्ली की टीम पर भेदभाव का आरोप लगा है। टीम के बेस्ट बल्लेबाज आयुष बदोनी, जो कि पिछले कुछ समय से आउट ऑफ फॉर्म चल रहे हैं, उन्हें टीम ने सबक सिखाने के लिए होटल में रुकने कहा। आरोप है कि आयुष के साथ दिल्ली टीम के सीनियर अधिकारियों ने भेदभाव किया। हालांकि, बदोनी को बाहर कर भी दिल्ली टीम की स्थिति नहीं सुधरी और टीम रणजी ट्रॉफी ग्रुप-डी के मैच में उत्तराखंड के खिलाफ मोहाली में 147 रन पर ऑलआउट हो गई।

# राशीफल

**मेष-:** इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

**वृष-:** इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के अवसर नजर आ रहे हैं।

**मिथुन-:** मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

**कर्क-:** सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

**सिंह-:** सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

**कन्या-:** इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

**तुला-:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

**वृश्चिक-:** इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से

**धनु-:** नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

**मकर-:** परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

**कुंभ-:** मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर

**मीन-:** पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।



# '5 सेंचुरी बनाई फिर भी वर्ल्ड कप रोहित शर्मा ने आक्रामक बल्लेबाजी करने का खोला राज, कप्तानी पर कही बड़ी बात


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने कप्तानी को लेकर बड़ा खुलासा किया है। रोहित ने अपनी सफल कप्तानी पर कहा कि वह अपने रिकॉर्ड से ज्यादा टीम को महत्व देते हैं। रोहित ने कहा कि टीम की कप्तानी करना कठिन भी है और सम्मान की बात है। दिनेश कार्तिक के साथ जीओ सिनेमा पर खास बातचीत के दौरान रोहित शर्मा ने कहा कि भारतीय टीम की कप्तानी दिग्गज खिलाडियों ने की है। उनकी लिस्ट में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। हाल ही में रोहित ऐसे दूसरे कप्तान बनाने थे जिन्होंने साउथ अफ्रीका में एमएस धोनी के बाद टेस्ट सीरीज ड्रॉ करवाई थी। दिनेश कार्तिक के साथ जीओ सिनेमा पर खास बातचीत के दौरान रोहित शर्मा ने कहा कि भारतीय टीम की कप्तानी दिग्गज खिलाड.ियों ने की है। उनकी लिस्ट में शामिल होना मेरे लिए गर्व की बात है। हाल ही में रोहित ऐसे दूसरे कप्तान बनाने थे जिन्होंने साउथ अफ्रीका में एमएस धोनी के बाद टेस्ट सीरीज ड्रॉ करवाई थी। इसके अलावा वह पहले एशियाई कप्तान बने थे जिनके नेतृत्व में



केपटाउन में टेस्ट मैच जीतने का कमाल किया था रोहित ने खिलाडियों को व्यक्तिगत स्कोर के बजाय मैच पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। साथ ही अपनी बल्लेबाजी स्टाइल में किए गए बदलाव पर खुलासा किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि व्यक्तिगत आंकड़ों को बढ़ाने से ज्यादा टीम के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने 2019 वर्ल्ड कप में 5 शतक बनाने, लेकिन वर्ल्ड कप हारने के अपने अनुभव का हवाला दिया। इंटरव्यू के दौरान रोहित ने कहा, यह काफी थका देने वाला है, लेकिन आप इसी के लिए आप जिम्मेदारी लेते हैं, तो मुझे लगता है कि जब मेरे पास टीम की कप्तानी करने का अवसर आया, तो मैं उत्साहित था। पिछले 7-8 वर्षों में, मैं उप-कप्तान के रूप में निर्णय लेने वाले मुख्य समूह का हिस्सा था। मैंने कई बार विराट की अनुपस्थिति में कमान भी संभाली, लेकिन अपने देश की कप्तानी करना एक बड़ा सम्मान है।

# एशा देओल ने 'भैया' बॉबी को विश किया बर्थडे, सनी देओल का पोस्ट जीत लेगा आपका दिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 'सोल्जर', 'बरसात', 'अपने' और 'एनिमल' जैसी फिल्में करके सिनेमा में अपनी धाक जमाने वाले वहीं एशा ने भैया पर गर्व महसूस किया है। 'गदर' के तारा सिंह उर्फ सनी देओल ने भाई बॉबी देओल को सोशल मीडिया पर जन्मदिन की ढेर फैंस को काफी पसंद आ रही है। एशा देओल ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर भैया बॉबी देओल की एक स्टनिंग तस्वीर शेयर की है। ओपन शर्ट में




अभिनेता बॉबी देओल (ँदंब् अदत्) आज (27 जनवरी) 55 साल के हो गये। अभिनेता के जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर चाहने वाले शुभकामनाएं दे रहे हैं। भाई सनी देओल और बहन एशा देओल ने भी बॉबी के लिए बर्थडे पोस्ट किया है। एनिमल के अबरार उर्फ बॉबी देओल आज 55 साल के हो गये। बॉबी के जन्मदिन पर उनके बड़े भाई सनी देओल और सौतेली बहन एशा देओल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। सनी ने जहां भाई बॉबी के साथ दिल छू लेने वाली फोटोज शेयर की हैं सारी बधाई दी हैं। सनी ने छोटे भाई के साथ कई प्यार भरी तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर सनी और बॉबी के प्यार को जगजाहिर कर रही है। दोनों एक-दूसरे को गले लगाए हुए दिख रहे हैं। बाकी की तस्वीरों में देओल ब्रदर्स ने साथ में कैमरे के लिए पोज दिया है। फोटोज के साथ सनी देओल ने अपने छोटे भाई बॉबी को एक प्यारे कैप्शन से बर्थडे विश किया है। तस्वीर के साथ सनी ने लिखा, ठहैप्पी बर्थडे मेरे छोटे लॉर्ड बॉबी।ठ इसके साथ उन्होंने हैशटैग माय लाइफ भी लिखा है। दोनों की तस्वीरें बॉबी अपनी धांसू बॉडी फ्लॉन्ट कर रहे हैं। तस्वीर के साथ एशा ने कैप्शन में लिखा, ठजन्मदिन मुबारक हो भैया। आप पर बहुत गर्व है। नजरबट्टू, हार्ट और स्माइली के साथ एशा ने भाई बॉबी को टैग भी किया है। 'एनिमल' में अबरार की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले बॉबी जल्द ही फिल्म 'कंगुवा' और 'हरी हारा वीरा मल्लू' में नजर आएंगे। दोनों ही फिल्में इसी साल अप्रैल में रिलीज हो रही हैं। 'कंगुवा' 14 अप्रैल और 'हरी हारा वीरा मल्लू' 24 अप्रैल 2024 को थिएटर्स में दस्तक देगी।

# भाईयों के साथ मुंबई पहुंचे प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस, फैंस ने कहा- मनारा को सपोर्ट करने आए जीजू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अमेरिकी पॉप रॉक बैंड जोनस ब्रदर्स का क्रेज पूरी दुनिया में है। प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस की इंडिया में भी अच्छी फैन फॉलोइंग है। वह अक्सर एक्ट्रेस के साथ देखे जाते हैं। प्रियंका भी निक के हर कॉन्सर्ट को अटेंड करती हैं और लॉस एंजलिस से फैंस के लिए प्यारी-प्यारी तस्वीरें शेयर करती हैं। एक्ट्रेस के पति इंडिया में हैं, जहां से इनका वीडियो काफी वायरल हो रहा है। प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस विदेश के साथ-साथ इंडिया में भी फैन फॉलोइंग एन्जॉय करते हैं। सोशल मीडिया पर फैंस प्रियंका मालती और पूरी जोनस फैमिली के साथ भी निक की तस्वीरों को पसंद किया जाता है। निक काफी फेमस सिंगर हैं और इन दिनों वह इंडिया आए हुए हैं। निक का उनके भाइयों के साथ वीडियो वायरल हो रहा है। निक जोनस अपने भाईयों जो जोनस और केविन जोनस के साथ एक कॉन्सर्ट के लिए इंडिया आए हैं। तीनों शनिवार की सुबह मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरे और पैपराजी के लिए पोज दिए। इस वीडियो में निक को बेज रंग की शर्ट और पैंट में देखा जा सकता है। उन्होंने वाइट स्नीकर्स, कैप और एक बैग के साथ अपने लुक को पूरा किया। वहीं, केविन ने ऑलिव ग्रीन टी-शर्ट, काली पैंट और जूते पहने थे और उनके तीसरे भाई ब्लू जैकेट और रेड टीशर्ट में नजर आए। मुंबई एयरपोर्ट पर जैसे ही निक जोनस और उनके भाई पहुंचे, लोग उनके साथ सेल्फी क्लिक कराने के लिए पागलों की तरह दौड़ पड़े। निक न भी फैंस का दिल न दुखाते हुए कुछ एक सेल्फी क्लिक कराई और फिर बाय करते हुए कार में बैठ कर चले गए। बता दें कि यह पहली बार है कि जोनस ब्रदर्स इंडिया में परफॉर्म करेंगे। हालांकि, यह उनकी देश की पहली यात्रा नहीं है। निक को इंडिया में देख एक यूजर ने कमेंट किया, 'क्या ये यहां बिग बॉस फिनाले अटेंड करने आए हैं।' एक ने कमेंट किया, 'निक, मनारा को सपोर्ट करने आए हैं।



# टेलर स्विफ्ट की अश्लील तस्वीरों से अमेरिकी संसद में हलचल, डीपफेक के खिलाफ कानून बनाने की उठी मांग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी के जितने फायदे हैं, नुकसान भी हैं। एआई के चलन के बाद डीपफेक के केसेस आए दिन तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसका शिकार बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड एक्ट्रेसेस हो रही हैं। हाल ही में हॉलीवुड सिंगर टेलर स्विफ्ट की डीपफेक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। टेलर स्विफ्ट की डीपफेक तस्वीरों से अमेरिका में हलचल मची है। राजनेता डीपफेक के खिलाफ एक कानून की मांग कर रहे हैं। व्हाइट हाउस ने भी इसके खिलाफ आवाज उठाई है। अमेरिकी संसद कांग्रेस में भी नेताओं ने कानून की मांग की है। यूं तो सालों से अभिनेत्रियां डीपफेक तस्वीरों और वीडियोज का शिकार हो रही हैं, लेकिन रश्मिका मंदाना के बाद इस मुद्दे को उजागर किया गया है। रश्मिका ने अपने लिए स्टैंड लिया और आरोपी के खिलाफ पुलिस केस भी किया। अब हॉलीवुड सिंगर टेलर स्विफ्ट भी इसका शिकार हो गई हैं। 'लवर' सिंगर टेलर स्विफ्ट डीपफेक का शिकार हुईं। हाल ही में, टेलर की अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट की गई थीं, जो धड़ल्ले से वायरल हुईं। टेलर के सपोर्ट में फैंस ने आवाज उठाई और उनकी आपत्तिजनक तस्वीरों को हटाने की मांग की। इसके बाद एक्स की टीम ने एक्शन लिया और टेलर की सारी अश्लील तस्वीरों को हटवाया गया है। भले ही सोशल मीडिया से टेलर स्विफ्ट की अश्लील तस्वीरों को हटा दिया गया है, लेकिन यह विवाद अभी थमा नहीं है। सिर्फ इंटरनेट नहीं बल्कि अमेरिकी संसद कांग्रेस में भी टेलर की डीपफेक तस्वीरों पर चर्चा शुरू हो गई है। अमेरिकी नेता टेलर का सपोर्ट कर इस तकनीक के खिलाफ कानून बनाने की मांग कर रहे हैं।एबीसी के मुताबिक, व्हाइट हाउस की स्पोकपर्सन कैरिन जीन-पियरे ने डीपफेक तकनीक के खिलाफ कानून पारित करने की मांग की है। कैरिन ने कहा, हम उन तस्वीरों के प्रसार की रिपोर्टों से परेशान हैं। यह चिंताजनक है।स्पोकपर्सन ने आगे कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को आपत्तिजनक तस्वीरों और गलत सूचना से बचने के लिए कड़े नियम लागू करने चाहिए। अमेरिकी प्रतिनिधि जो मोरेल ने टेलर स्विफ्ट की अश्लील तस्वीरें वायरल होने को भयानक बताया है।



# खूंखार, निर्दयी बॉबी देओल का 'कंगुवा' से खतरनाक पोस्टर आउट लुक देख कांप जाएगी रूह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के कई हीरो ने साउथ फिल्मों में विलेन की भूमिका निभाकर वाहवाही लूटी है। 'लियो' में संजय दत्त के डरावने अवतार के बाद अब बॉबी देओल भी साउथ में डेब्यू करने जा रहे हैं और वो भी विलेन बनकर। साउथ सिनेमा की अपकमिंग फिल्म कंगुवा साल की मच अबरार की भूमिका निभाकर वह इंडस्ट्री में छा गये। 'एनिमल' के बाद अब बॉबी एक और फिल्म में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। बॉबी देओल, रणबीर कपूर के बाद अपकमिंग फिल्म 'कंगुवा' में विलेन बनकर हीरो सूर्या के छक्के छुड़ाने वाले हैं। आज (27 जनवरी) बॉबी देओल 55 साल के हो गये हैं। इस खास मौके पर मेकर्स ने



अवेटेड फिल्मों में से एक है जिसमें सूर्या के साथ पर्दे पर एनिमल के अबरार उर्फ बॉबी देओल धमाल मचाते हुए नजर आएंगे। बॉबी देओल के 55वें जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने कंगुवा से एक्टर का पहला पोस्टर जारी किया है जिसे देख आपकी रूह कांप जाएगी। बॉबी देओल ने साल 1995 में फिल्म 'बरसात' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इन 29 सालों में बॉबी ने कई फिल्मों में हीरो की भूमिका निभाई, लेकिन उन्हें खास पहचान हासिल नहीं हुई। 'आश्रम' सीरीज से बतौर विलेन बॉबी ने लाइमलाइट बटोरी और 'एनिमल' में सोशल मीडिया पर फिल्म से बॉबी का पहला लुक जारी किया है। यूवी क्रिएशंस ने बॉबी का पहला लुक शेयर करते हुए लिखा, ठनिर्दयी. ताकतवर, अविस्मरणीय। हैप्पी बर्थडे सर। कंगुवा में बॉबी देओल उदरिन की भूमिका में दिखाई देंगे। डार्क एंड इंटेंस पोस्टर में बॉबी का लुक देख पक्का आपकी रूह कांप जाएगी। फोटो में देखा जा सकता है कि अभिनेता बीच में खड़े हैं और चारों ओर महिलाओं ने उन्हें घेर लिया है। ऐसा लगता है कि बॉबी फिल्म में आदिवासी की भूमिका निभाएंगे। आपने वाकई बॉबी का ऐसा अवतार पहले नहीं देखा होगा।

# फाइटर' ने 26 जनवरी को काटा गदर, बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में आया बंपर उछाल


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** ऋतिक रोशन की फिल्म फाइटर का बोलबाला इस समय सिनेमाघरों से लेकर बॉक्स ऑफिस तक कायम है। गणतंत्र दिवस की जानते हैं कि शुक्रवार को फाइटर ने कितना कारोबार किया है। 26 जनवरी के हॉलिडे का फाइटर को खूब फायदा मिला है। ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की इस फिल्म को फैंस की फाइटर ने शुक्रवार को 41.20 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। इस आंकड़े से ये साफ कहा जा सकता है कि आने वाले ओपनिंग वीकेंड तक इस मूवी की कमाई में और भी



छुट्टी के अवसर पर फाइटर की कमाई में काफी उछाल देखने को मिला है। जिसका अनुमान ऋतिक की इस मूवी के दूसरे दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के जरिए आसानी से लगा सकते हैं फिल्म फाइटर इस समय सिनेमाघरों से लेकर बॉक्स ऑफिस तक अपनी मजबूत पकड़ को बनाए हुए हैं। ओपनिंग डे की भरपाई को ऋतिक रोशन की फाइटर ने रिलीज के दूसरे दिन पूरा कर डाला है जिसका अंदाजा मूवी के दूसरे दिन के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की रिपोर्ट से आसानी से लगा सकते हैं। आइए तरफ से शुक्रवार को जबरदस्त रिस्पॉन्स हासिल हुआ है। देशभक्ति की मिसाल कायम करने वाली फाइटर ने रिपब्लिक डे पर अपना जलवा दिखाया है। भारी तादाद में दर्शक रिलीज के दूसरे दिन इस फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में पहुंचे हैं। फाइटर ने सेकंड डे पर कमाई के मामले में करीब 70-80 प्रतिशत की बढ़त बनाई है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर इस फिल्म की कमाई के दूसरे दिन के आंकड़े शेयर किए हैं। उनके मुताबिक ऋतिक रोशन स्टारर अधिक इजाफा देखने को मिलने वाला है। जिस तरह से फाइटर ने रिलीज के दूसरे दिन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। इसके आधार पर ये कहा जा सकता है कि फैंस पर ऋतिक रोशन का जादू चल गया है। एरियल एक्शन थ्रिलर के हिसाब से फाइटर इस समय फैंस की पहली पसंद बनी हुई है, जिसके चलते आने वाले दिनों में इसके कारोबार में भी बढ़ोत्तरी होना तय है। बता दें कि पिछली फिल्म विक्रम-वेधा की असफलता के बाद फाइटर के जरिए ऋतिक रोशन शानदार वापसी करते हुए नजर आ रहे हैं।

# विक्की जैन की पूर्वा राणा के साथ रोमांटिक फोटो वायरल, भड़के फैंस बोले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 17' के मजबूत कंटेस्टेंट रहे विक्की जैन शो से बाहर आने के बाद लगातार अपनी बीवी अंकिता लोखंडे के सपोर्ट में बात कर रहे हैं। इसी के साथ उन्हे बिग बॉस 17 के बाकी एक्स कंटेस्टेंट्स के साथ पार्टी करते भी देखा जा रहा है। कुछ दिन पहले उन्होंने ईशा मालवीय, आयशा खान और सना गई। 'बिग बॉस 17' में अगर किसी कंटेस्टेंट के सबसे ज्यादा लड़ाई झगड़े हुए हैं, तो वो विक्की और अंकिता लोखंडे के। दोनों के दूसरे कंटेस्टेंट्स के साथ झगड़ा होने के साथ ही दूसरे कंटेस्टेंट्स से भी तू-तू मैं मैं हुई है। बीच में हालात इतने बिगड़े कि घरवालों को शो में आकर समझाना पड़ा गया। अंकिता को विक्की की मनारा के साथ क्लोजनेस पसंद नहीं थी। दोनों का किया, 'इनकी मम्मी को लगता है मेरा बेटा कुछ नहीं करता।' एक ने लिखा, 'अब समझ आया अंकिता को हमेशा टेंशन क्यों होती है। विक्की ऐसे कैसे किसी और के साथ पोज दे सकते हैं।' ट्रोल करने वालों को पूर्वा राणा ने करारा जवाब दिया है। उन्होंने अंकिता लोखंडे के फैंस पर उनके खिलाफ नफरत फैलाने का आरोप




रईस खान के साथ पार्टी की, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई रहीं। मगर इसमें एक फोटो ऐसी रही, जिसके कारण विक्की को बुरी तरह लताड़ा जा रहा है। बिग बॉस 17 से विक्की जैन का सफर खत्म हो चुका है। हालांकि उनकी पत्ती अंकिता लोखंडे फिनाले की रेस में बनी हुई हैं। अंकिता के फैंस और फ्रेंड्स उनके लिए जमकर वोट कर रहे हैं। विक्की ने भी अंकिता को विनर बनता देखने की ख्वाहिश जाहिर की है। इस बीच विक्की की एक फोटो वायरल हो रही है जिसके लिए उन्हें खरी खोटी सुनाई इस बात पर झगड़ा भी हुआ था। वहीं, अब एक ऐसी फोटो सामने आई है, जिसने सोशल मीडिया पर बवाल मचा दिया है। विक्की की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और एक्ट्रेस पूर्वा राणा के साथ क्लोज फोटो वायरल हो रही है। इस तस्वीर में दोनों एक दूसरे को बेहद करीब से पकड़े नजर आ रहे हैं। रोमांटिक अंदाज में इनकी फोटो यूजर्स को रास नहीं आई। फैंस ने विक्की को निशाने पर लिया है। एक ने कमेंट किया, 'दुश्मन मिले हजार, पर विक्की जैसा पति न मिले चिनार।' एक अन्य ने कमेंट लगाया। पूर्वा राणा ने अपनी इसी तस्वीर पर कमेंट बॉक्स में लिखा, 'इतनी नफरत क्यों दोस्तों? मेरे दोनों सबसे अच्छे दोस्त बहुत खुश हैं, सबसे मजेदार हैं और हमेशा साथ रहते हैं। तमाशा मत ढूंढो, क्योंकि किसी को कुछ मिलने वाला नहीं है।' विक्की जैन टॉप 6 में आकर बाहर हो गए। वहीं, अंकिता टॉप 5 में फिनाले की कंटेस्टेंट हैं। उनका मुकाबला मुनव्वर फारुकी, मनारा चोपड़ा, अभिषेक कुमार और अरुण माशेट्टी से है।


# बेहद खतरनाक होगा इस बार शेरनी का आखिरी वार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुष्मिता सेन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर खूब धूम मचा रही हैं। आर्या के साथ उन्होंने डिजिटल की दुनिया में कदम रखा था। इस सीरीज के दो सीजंस आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। इसके बाद मिस यूनिवर्स रह चुकी सुष्मिता सेन ने 'ताली' में ट्रांसजेंडर का किरदार अदा करके हर किसी को हैरान कर दिया था। सुष्मिता सेन अपनी क्राइम थ्रिलर सीरीज के साथ एक बार फिर आर्या की कहानी दर्शकों तक पहुंचाने के लिए कमर कस चुकी हैं। राम माधवन के निर्देशन में बनी उनकी और चंद्रचूड स्टारर सीरीज आर्या-3 के पार्ट 2 का ट्रेलर रिलीज हो चुका है जिसमें सुष्मिता सेन पहले से और ज्यादा एक्शन करती हुई नजर आ रही हैं। यहां देखें ट्रेलर- ओटीटी पर लगातार अपने रोल्स को लेकर एक्सपेरिमेंट करने वालीं सुष्मिता सेन एक बार फिर से 'आर्या-3' के साथ दर्शकों के बीच आ रही हैं, जिसमें वह इस बात पहले से ज्यादा खतरनाक अवतार में नजर आएंगी। उनकी वेब सीरीज 'आर्या-3' का ट्रेलर दर्शकों के सामने आ चुका है, जिसे देखने के बाद हर किसी की आंखें खुली की खुली रह गयी हैं। आर्या-3 के ट्रेलर के साथ ही मेकर्स ने फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है और राम माधवन की वेब सीरीज को देखने की बेताबी बढ़ा दी है। 2 मिनट का ये ट्रेलर काफी धमाकेदार है, जिसमें सुष्मिता सेन पति को खोने के बाद अपने बच्चों की खातिर एक बार फिर से हाथों में बंदूक थामें और दुश्मनों का खात्मा करते हुए नजर आएंगी। हालांकि, बदले की आग और ड्रग्स की दुनिया की सबसे बड़ी सप्लायर बनने की चाह में वह अपनों को ही इतना हर्ट कर देती हैं कि उन्हें इसका अंत में भुगतान करना पड़ता है और उनके बच्चे ही उन्हें छोड़कर चले जाते हैं। सुष्मिता सेन 'आर्या-3' के इस दो मिनट के ट्रेलर में दमदार एक्शन करते हुए नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं, इस ट्रेलर के साथ ही सुष्मिता सेन ने ये भी साफ कर दिया है कि ये एक आखिरी बार, शेरनी का एक अंतिम वार होने वाला है। 'आर्या-3' के पहले पार्ट के बाद अब दूसरे पार्ट को मेकर्स रिलीज करने वाले हैं। यानी कि 'आर्या' का अंत तीसरे सीजन के दूसरे पार्ट के बाद हो जाएगा। आर्या-3 के ट्रेलर को देखने के बाद फैंस काफी प्यार लुटा रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, ठइस शानदार परफॉर्मेंस का इंतजार नहीं कर सकती, आर्या-3 का बेसब्री से इन्तजार है, जो अंतिम वॉर है। इस कहानी के साथ सुष्मिता सेन ने हमें जीत लिया है। दूसरे यूजर ने लिखा, ठशेर बहुत ही खुश है, क्योंकि हमारी शेरनी वापस आ रही है। आपको बता दें कि राम माधवन के निर्देशन में बनी आर्या 3 का सेकंड पार्ट 9 फरवरी को रिलीज हो रहा है। ये वेब सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आएगी।



# ओटीटी पर 'एनिमल' देख निराश हुए फैंस, मेकर्स को लेकर सोशल मीडिया पर शुरू हुई ट्रोलिंग, मचा बवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**' थिएटर्स में धुआंधार कमाई करने वाली फिल्म 'एनिमल' अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दे चुकी है। बॉक्स ऑफिस पर 'एनिमल' ने पहले दिन से ताबड़तोड़ बिजनेस किया। जब तक फिल्म थिएटर्स में लगी रही, तब तक हर दिन इसकी धुआंधार कमाई जारी रही। डोमेस्टिक कलेक्शन के साथ ही मूवी ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन में भी गदर काटा। अब फिल्म ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। मगर ओटीटी पर आते ही इस फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर बवाल मच गया है। ओटीटी पर 'एनिमल' की रिलीज से फिल्म को लेकर तमाम दावे किए गए। मूवी कुछ कानूनी पचड़े में भी फंसी थी, जो कि क्लियर होने के बाद फाइनली ओटीटी पर रिलीज हो पाई है। इस फिल्म में रणबीर कपूर (ँहंी ख्रेंद्ददे) के तृप्ति डिमरी (ऊँज्ञ्ा अ्रस्ग्) के साथ इंटीमेट सीन हैं। साथ ही रणबीर का न्यूड सीन भी है, जिसे ब्लर कर दिखाया गया था। इसके अलावा बॉबी देओल के साथ रणबीर का किसिंग सीन था, जो रिलीज से पहले काफी चर्चा में रहा। हालांकि, जब फिल्म ओटीटी पर आई, तो फैंस को निराशा हाथ लगी। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि नेटफ्लिक्स पर फिल्म का प्रीमियर 8 से 9 मिनट ज्यादा फुटेज के साथ स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रहेगा। जिसके बाद फैंस फिल्म के ओटीटी वर्जन को लेकर खुश थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। फिल्म में कोई एक्सटेंडेड कट नहीं है। बॉबी देओल और रणबीर कपूर का किसिंग सीन भी नहीं है। इसलिए फैंस को निराशा हाथ लगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग शुरू कर दी है। बता दें कि थिएट्रिकल रिलीज से पहले सीबीएफसी ने इसमें कुछ बदलाव करने के निर्देश दिए थे। कुल पांच कट लगाए गए थे, जिसके बाद ए सर्टिफिकेट के साथ फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो पाई। हालांकि, ओटीटी पर इसे अनकट वर्जन के साथ रिलीज किए जाने की चर्चा थी।रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ने रिलीज के पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे हैं। फिल्म के डायेक्शन से लेकर स्टोरी और रणबीर के इंटीमेट सीन को पसंद किया गया। अब ये मूवी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो चुकी है। लेकिन रिलीज होते ही इसे ट्रोलिंग का सामना कर पड़ा रहा है।




स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608783/10
RNI No. UPHIN/2012/41154
डाक पंजीयन नं. 99/2018-20
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।